प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

वर्ष : 15 अंक : 52 | मंगलवार 10 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया



भागवत ने कहा -''संघ का गठन राष्ट्र कल्याण के लिए हुआ'' पेज- 2

सड़क किनारे मिला ससुराल से आ रहे युवक का शव पेज-6

# पीएम मोदी ने एकनाथ शिंदे को दी जन्मदिन की बधाई

## –विकास और जनसेवा की प्रशंसा की

(एजेंसी) नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जन्मदिन की बधाई दी है। एकनाथ शिंदे की प्रशंसा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह महाराष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाने और बालासाहेब ठाकरे व धर्मवीर आनंद दिघे के सपनों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एकनाथ शिंदे को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वह महाराष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाने और बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनंद दिघे के सपनों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। मैं उनके लंबे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने



पीएम मोदी की ओर से बधाई के बाद उनका धन्यवाद किया। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। आपके स्नेहपूर्ण शब्द और आशीर्वाद हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। आपके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है और महाराष्ट्र में हम आपके दिखाए विकास के मार्ग पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्र के प्रति आपका समर्पण और महाराष्ट्र की जनता के प्रति आपका आत्मीय भाव हमें निरंतर प्रेरणा देता रहा है। एकनाथ शिंदे ने आगे लिखा, आपके मार्गदर्शन में हम जनसेवा के अपने संकल्प पर दृढ़ रहेंगे और एक समृद्ध व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे। एक बार फिर, आपके शुभाशीर्वाद और सद्भावनाओं के लिए हृदय से ध न्यवाद। उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा, आदरणीय अमित भाई, आपकी शुभकामनाएं मेरे लिए सच्चा आशीर्वाद हैं। महाराष्ट्र का विकास और जन–कल्याण ही मेरा जीवन–लक्ष्य है। इस पथ पर आपका निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहे, यही गणपती बाप्पा से मेरी विनम्र प्रार्थना है। इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, ष्महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रदेश के विकास और जनकल्याण की दिशा में आप निरंतर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। गणपति बाप्पा आपको उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें।

# व्हाट्सऐप,मेटा को नहीं मिली राहत, सुप्रीम कोर्ट ने टाली प्राइवेसी मामले की सुनवाई

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 23 फरवरी तक स्थगित कर दी जो गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ से कहा गया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और इसलिए सुनवाई स्थगित कर दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए दायर याचिकाओं पर 23 फरवरी को सुनवाई करेगी। उसने उस एक वादी को मामले में पक्षकार बनाए जाने की अनुमति दी जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार कर रहे हैं।



न्यायालय ने तीन फरवरी को मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप से मंगलवार को अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा था कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां डेटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। न्यायालय गोपनीयता नीति को लेकर सीसीआई के उस आदेश के खिलाफ मेटा और व्हाट्सऐप की अपील पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उन पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। पीठ ने कहा था कि वह नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को याचिकाओं में पक्षकार बनाया जाए।

## बांग्लादेश में भूकंप के झटकों से कांपी धरती, ढाका दुनिया के 20 सबसे जोखिम वाले शहरों में शामिल

(एजेंसी) ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 3.3 रही और यह 45 किलोमीटर की गहराई पर आया। एनसीएस ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि यह भूकंप 9 फरवरी 2026 को सुबह 04.50 आईएसटी पर दर्ज किया गया। छब्ै ने भूकंप का स्थान 25.08 एन अक्षांश और 92.03 म देशांतर पर बताया। इससे पहले 1 फरवरी को भी बांग्लादेश में 3.0 तीव्रता का भूकंप आया था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बांग्लादेश में बड़े भूकंप आने का जोखिम बहुत अधिक है, क्योंकि यह तीन सक्रिय टेक्टोनिक प्लेट फॉल्ट्स के संगम पर स्थित है। दिसंबर 2025 में ढाका में 4.1 तीव्रता का भूकंप आने के बाद विशेषज्ञों ने कहा था कि तैयारी, जन जागरूकता और आधुनिक तकनीक से ही हानि को कम किया जा सकता है। बांग्लादेश भारतीय, यूरेशियन और बर्मा प्लेटों के मिलन बिंदु पर स्थित है।

# सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सदन में जबरदस्त नोकझोंक, लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में सदन चलाने के लिए सुलह की बातचीत के बाद भी विपक्ष तथा सत्तापक्ष के बीच सोमवार को जमकर नोकझोंक हुई जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा में दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरु हुई और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने बजट पर चर्चा की शुरुआत कराने के लिए कांग्रेस के डॉ. शशि थरूर का नाम लिया। उन्होंने डॉ थरूर का नाम लेते हुए उन्हें बजट पर बोलने के लिए कहा लेकिन डॉ थरूर ने कहा कि विपक्ष के नेता सदन में बोलना चाहते हैं। यह उनका अधिकार है लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है। संध्या राय ने कहा कि सबको बोलने का अधिकार है लेकिन इस समय सिर्फ बजट पर ही बोलना है। इसी बीच सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि करीब एक घंटा पहले वह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले थे और उन्होंने कहा था कि वह उन्हें सदन में कुछ मुद्दों पर बोलने की अनुमति देंगे लेकिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सरकार अपनी बात से पीछे हट गई है। इस पर पीठासीन अधिकारी ने व्यवस्था दी कि सदन में सिर्फ बजट पर ही बोलना है। इसके अलावा आपको अन्य किसी विषय पर नहीं बोल सकते क्योंकि किसी अन्य विषय पर बोलने के लिए आपकी तरफ से कोई नोटिस नहीं है इसलिए आप सिर्फ बजट पर अपनी बात कह सकते हैं। उनका कहना था कि बजट के अलावा किसी और विषय पर सदन में बोलना है तो पहले नोटिस देना पड़ेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने हस्तक्षेप करते हुए कहा ष्जिस मुलाकात की बात विपक्ष के नेता कर रहे हैं उस दौरान वह भी अध्यक्ष के कमरे में थे। राहुल गांधी के साथ उनकी पार्टी के नेता के सी वेणुगोपाल भी थे लेकिन उस समय अध्यक्ष ने कहा था कि यदि शांतिपूर्ण तरीके से सदन चलाने पर सहमति बनती है तो बोलने दिया जाएगा। आप जो बोलना चाहते हैं उस पर बोलने की बात नहीं हुई थी।



राहुल गांधी सदन में इस मुलाकात में हुई बात को लेकर जो कुछ कह रहे हैं ऐसी कोई बात अध्यक्ष के कमरे में नहीं हुई थी। अध्यक्ष ने कहा कि यदि सबकी सहमति बनती है और सदन शांति से चलता है तो देखेंगे। यह बात हुई थी। श्रीमती राय ने फिर डॉ थरूर को बजट पर बोलने के लिए कहा लेकिन उन्होंने बजट पर कुछ नहीं बोला। दोनों तरफ से तकरार तेज हो गयी तो पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरु किया तो विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया जिसके कारण उन्हें 12 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। फिर 12 बजे सदन शुरु हुआ तो विपक्ष के तेवरों में कोई बदलाव नहीं आया जिसके कारण सदन को दो बजे तक स्थगित किया गया था ।

# टेकनालॉजी से डरो मत, उसका इस्तेमाल करो,लेकिन गुलामी कभी मत स्वीकार करो! -मोदी का छात्रों को मंत्र

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि विद्यार्थियों को अपने आप को



प्रौद्योगिकी का गुलाम नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि इसका उपयोग अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए करना चाहिए। मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के दूसरे एपिसोड में कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके बिना या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। मोदी ने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात में विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, इसका मतलब है कि आप मोबाइल के गुलाम बन गए हैं। आपको यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि आप अपने आप को प्रौद्योगिकी का गुलाम नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से न डरें, बल्कि उनका उपयोग अपने कौशल को निखारने और अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए करें। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पिछले प्रश्न पत्रों का अभ्यास करने और पर्याप्त नींद लेने का भी आग्रह किया। मोदी ने कहा, परीक्षाओं की अच्छी तैयारी करने के बाद आपको कभी तनाव महसूस नहीं होगा। रात में अच्छी नींद लेने से आप दिन भर खुश रहेंगे। प्रध ाानमंत्री ने अपने छात्र जीवन में अपने शिक्षकों की भूमिका और स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम पर उनके जोर को याद किया। उन्होंने कहा, अगर आप किसी भी महान व्यक्ति से पूछेंगे, तो वे कहेंगे कि उनकी मां और शिक्षकों ने उनके जीवन को आकार देने में मदद की।श्श् नेतृत्व के विषय पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर संवाद करने की क्षमता एक महत्वपूर्ण गुण है। उन्होंने कहा, नेतृत्व का मतलब सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है। नेतृत्व की एक बड़ी खूबी कम से कम दस लोगों को अपने विचार स्पष्ट रूप से संप्रेषित करने की क्षमता है।

## सोने-चांदी की चमक लौटी, गिरावट के बाद निवेशकों की चांदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। बाजार में पिछले कुछ दिनों से जारी उथल–पुथल के बाद अब कीमती धातुओं के दिन फिरते नजर आ रहे हैं। सोमवार की सुबह निवेशकों के लिए खुशियां लेकर आई, क्योंकि सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर जोरदार रिकवरी दर्ज की गई है। पिछले कुछ सत्रों में जो मुनाफा बाजार की अस्थिरता की भेंट चढ़ गया था, उसकी भरपाई अब तेजी से हो रही है। इस सुधार का सबसे बड़ा असर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) पर देखने को मिला, जहां निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। महीने की शुरुआत में आई गिरावट को पीछे छोड़ते हुए वायदा बाजार में शानदार बढ़त देखी गई। अप्रैल में मैच्योर होने वाला सोना करीब 2: की मजबूती के साथ 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को छू गया। इसी तरह जून के कॉन्ट्रैक्ट्स में भी उत्साह बना रहा। लेकिन असली बाजी चांदी ने मारी। मार्च एक्सपायरी वाली चांदी की कीमतों में लगभग 6: की भारी तेजी आई, जिससे इसके भाव 2,64,885 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए। मई के कॉन्ट्रैक्ट्स में भी 4: तक का इजाफा देखा गया, जो बाजार में लौटते भरोसे का संकेत है।

## ला लीगाः रियल मैड्रिड की दमदार जीत, वालेंसिया 2-0 से पराजित

(एजेंसी) मैड्रिड। रियल मैड्रिड ने वालेंसिया पर 2–0 से जीत के साथ ही ला लीगा खिताब की दौड़ में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। इस जीत के साथ ही रियल मैड्रिड शीर्ष पर मौजूद एफसी बार्सिलोना से सिर्फ एक अंक पीछे रह गया है। मैच के पहले हाफ में वालेंसिया ने रियल मैड्रिड पर दबाव बनाए रखा, लेकिन ब्रेक के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई। 65वें मिनट में लेफ्ट बैक अल्वारो कैरेरास ने व्यक्तिगत कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए दो कमजोर डिफेंसिव चुनौतियों को पार कर गोल दागा। इंजरी टाइम में काइलियन एमबाप्पे ने गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। हार के बाद वालेंसिया के लिए हालात और मुश्किल हो गए हैं। टीम रेलीगेशन जोन के करीब पहुंच गई है और हाल ही में कोपा डेल रे से भी बाहर हो चुकी है। उधर, रियल बेटिस ने मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में एटलेटिको मैड्रिड को 1–0 से हराकर कोपा डेल रे क्वार्टर फाइनल में मिली 5–0 की करारी हार का बदला ले लिया। मैच का एकमात्र गोल 29वें मिनट में एंटनी ने किया। बेटिस ने इसके बाद मजबूत डिफेंस का सहारा लिया और किस्मत भी उसके साथ रही, जब दूसरे हाफ में एटलेटिको का एक संभावित बराबरी का गोल ऑफसाइड करार दिया गया। एक अन्य मुकाबले में एथलेटिक क्लब ने लेवांटे को 4–2 से हराकर जीत की पटरी पर वापसी की। गोर्का गुरुजेटा ने पहले हाफ में दो गोल दागे। लेवांटे की टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई थी, जिसका फायदा उठाते हुए एथलेटिक ने बढ़त बनाई। हालांकि मैच के आखिरी मिनटों में खेल काफी रोमांचक हो गया, लेकिन रॉबर्ट नवारो के एक्स्ट्रा टाइम गोल ने जीत पक्की कर दी। सेविला ने गिरोना के खिलाफ घरेलू मैदान पर 1–1 से ड्रॉ खेला। काइक सालास के अंतिम क्षणों में किए गए गोल और गोलकीपर ओडिसीस व्लाचोडिमोस की स्टॉपेज टाइम पेनल्टी सेव ने सेविला को हार से बचाया। वहीं गेटाफे ने अलावेस को 2–0 से हराकर नौ मैचों से चली आ रही हार की श्रृंखला का अंत किया। ला लीगा में इन नतीजों के साथ खिताबी दौड़ और रेलीगेशन की जंग दोनों ही और रोमांचक हो गई हैं।

# लोकसभा में राहुल गांधी का दावा, अध्यक्ष ने बोलने देने का आश्वासन दिया था

## किरेन रिजिजू बोले-कोई आश्वासन नहीं दिया, लोकसभा स्थगित

(एजेंसी) नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही महज 13 मिनट में ही ठप हो गई। विपक्ष ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने का अवसर देने की मांग को लेकर जोरदार हंगामा किया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस घटनाक्रम ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव को और तेज कर दिया है। वहीं, सूत्रों के हवाले से खबर है कि विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर भी विचार कर रहा है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बोलने की अनुमति मांगी। उन्होंने कहा कि वे करीब एक घंटे पहले स्पीकर से मिलने गए थे और उन्हें आश्वासन दिया गया था कि बजट चर्चा शुरू होने से पहले उन्हें अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा। राहुल गांधी ने सदन में कहा, "हम एक घंटा पहले स्पीकर के पास गए थे। स्पीकर ने हमें कमिट किया था कि बजट डिस्कशन से पहले मुझे बोलने दिया जाएगा। अब आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या आप मुझे बोलने देंगी या नहीं?" उस समय आसंदी पर भाजपा सांसद संध्या राय बैठी हुई थीं, जो सदन की कार्यवाही का संचालन कर रही थीं। राहुल गांधी के बयान पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने तत्काल प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे स्वयं स्पीकर के कक्ष में मौजूद थे और ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया गया था। रिजिजू ने कहा, "मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटमेंट नहीं किया गया। सदन की कार्यवाही नियमों के अनुसार चलती है।" आसंदी पर बैठीं संध्या राय ने भी राहुल गांधी को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी ओर से किसी अन्य विषय पर चर्चा के लिए कोई विधिवत नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि वे बजट पर चर्चा करना चाहते हैं तो प्रक्रिया के तहत उन्हें अवसर



दिया जा सकता है। राहुल गांधी को बोलने का अवसर न दिए जाने पर विपक्षी सदस्यों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। कई सांसद अपनी सीटों से उठकर नारेबाजी करने लगे। सदन में शोर–शराबा बढ़ता गया और कार्यवाही सुचारू रूप से चलाना संभव नहीं रहा। स्थिति को देखते हुए आसंदी ने पहले सदन को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन जब हंगामा नहीं थमा तो लोकसभा की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान सदन की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल सकी। बजट सत्र के दौरान यह पहली बार नहीं है जब विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई हो। विपक्ष लगातार विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग करता रहा है, जबकि सरकार का कहना है कि वह सभी विषयों पर नियमों के तहत चर्चा के लिए तैयार है। सोमवार की घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या सदन में संवाद की कमी के कारण कार्यवाही बार–बार बाधित हो रही है। विपक्ष का आरोप है कि उन्हें पर्याप्त समय और अवसर नहीं दिया जा रहा, जबकि सरकार का कहना है कि संसदीय परंपराओं और नियमों का पालन आवश्यक है। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की संभावना पर विचार कर रहा है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लोकसभा के नियमों के अनुसार, स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन आवश्यक होता है। इसके अलावा प्रस्ताव पेश करने से 14 दिन पहले लिखित नोटिस देना अनिवार्य है। यदि प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है तो उस पर सदन में चर्चा और मतदान कराया जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि विपक्ष ऐसा कदम उठाता है तो इससे संसद का वातावरण और अधिक तनावपूर्ण हो सकता है। हालांकि यह भी देखना होगा कि क्या विपक्ष के पास आवश्यक समर्थन संख्या है या नहीं। मंगलवार को जब लोकसभा की कार्यवाही फिर से शुरू होगी, तो सभी की नजरें इस बात पर होंगी कि क्या गतिरोध ा खत्म होता है या टकराव और बढ़ता है। बजट सत्र के दौरान महत्वपूर्ण वित्तीय और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा प्रस्तावित है, ऐसे में लगातार व्यवधान से विधायी कामकाज प्रभावित हो सकता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों पर यह जिम्मेदारी है कि वे सदन की गरिमा बनाए रखते हुए संवाद के माध्यम से समाधान तलाशें। सोमवार की घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि संसदीय कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए राजनीतिक सहमति और पारस्परिक विश्वास बेहद जरूरी है।

# सम्पादकीय

## शिवराज सिंह चौहान ने दिया भरोसा "समझौते से किसानों के हित सुरक्षित"

भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते (इंटरिम ट्रेड डील फ्रेमवर्क) के बाद केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसे दोनों देशों के हित में बड़ी डील बताया। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि केंद्रीय मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका, हमारे पड़ोसी देशों चीन पर 35 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, जबकि भारत पर केवल 18 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। बहुत से ऐसे आइटम्स भी हैं, जिन पर अमेरिका कोई टैरिफ नहीं लगाएगा। इस समझौते के तहत अमेरिका कुछ भारतीय एक्सपोर्ट–जैसे जेनेरिक दवाएं, रत्नध्जवाहरात, हीरे और विमान के पार्ट्स–पर यह टैरिफ हटा देगा।



नफीस जाफरी

तो वहीं दूसरी ओर भारत–अमेरिका समझौते को लेकर चल रही राजनीतिक बहस पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष को कठोर शब्दों में घेरा। उन्होंने कहा कि हमारा विपक्ष हाय–तौबा मचा रहा था कि अमेरिका के साथ ऐसा समझौता हो जाएगा जिसमें भारत का किसान तबाह हो जाएगा,बर्बाद हो जाएगा,लुट जाएगा। शिवराज सिंह ने कहा कि ऐसे आरोप लगाए गए कि कहते हुए शर्म आती है। उन्होंने याद दिलाया कि यह वही नरेंद्र मोदी हैं,जिन्होंने कहा था देश नहीं झुकने दूंगा और यह भी कहा था कि चाहे कितनी बड़ी कीमत क्यों न चुकानी पड़े,किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। अभी जो यूएस के साथ समझौता हुआ है,इसके पहले 27 देशों के साथ यूरोपियन यूनियन के और उसके पहले जो हुए हैं, आज के समझौते ने तो बता दिया है कि देश के और किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित रखे गए हैं। किसानों की मुख्य चिंता पर बात करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि वह केवल किसानों के पक्ष की चर्चा करेंगे। हमारे प्रमुख अनाज मक्का,बड़ा हल्ला मचाया जा रहा था कि आ जाएगा,बिल्कुल नहीं आएगा। मक्का, गेहूं,चावल,सोयाबीन,पोल्ट्री,दूध,पनीर,इथेनॉल, तंबाकू,कई सब्जियां और उसके अलावा .षि और डेयरी उत्पाद कई तरह के पूरी तरह से सुरक्षित रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों पर भारत का बाजार भारत के किसानों के लिए सुरक्षित है। अमेरिका से न तो मक्का आएगा,न गेहूं,न चावल,न सोया,न पोल्ट्री उत्पाद,न दूध,न पनीर,न इथेनॉल,न तंबाकू और न ही कई संवेदनशील सब्जियां। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका से नहीं आएंगे,भारत के हितों का पूरी तरह से संरक्षण किया गया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस समझौते से देश के अन्य क्षेत्रों को भी लाभ होगा,विशेष रूप से हमारे निर्यातकों और युवाओं को। उन्होंने कहा कि भारतीय सामानों पर जो परंपरागत शुल्क था,वह घटकर लगभग 18 प्रतिशत हो जाएगा,जिससे टेक्सटाइल, परिधान, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर उत्पाद,ऑर्गेनिक केमिकल,होम डेकोर,हस्तशिल्प और चुनिंदा मशीनरी जैसे क्षेत्रों में विशाल बाजार और अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि जेनेरिक दवाओं,रत्नों, हीरों, विमान के पुर्जों और कई तरह के सामान पर शुल्क घटकर शून्य हो जाएगा, जिससे भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा मजबूती मिलेगी। .षि के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बासमती चावल और मसालों को विशेष लाभ होगा। हरियाणा,पश्चिम उत्तर प्रदेश और पंजाब में बासमती उगाने वाले किसानों के लिए 18 प्रतिशत टैरिफ वाले बाजार में नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने उल्लेख किया कि पहले लगभग 63,000 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था,जो इस समझौते से और बढ़ने की संभावना है और टेक्सटाइल निर्यात बढ़ने से कपास उत्पादक किसानों को भी फायदा होगा।

# अमल की ताक में अदालत के महत्त्वपूर्ण आदेश

समीर

आरटीई कानून लागू हुए 16 वर्ष गुजर गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश से जाहिर है कि सरकारों ने उस धारा के तहत अपने दायित्व को नहीं निभाया। यानी लड़कियों के लिए अलग शौचालय की जरूरत पूरी नहीं की गई। सुप्रीम कोर्ट की इस व्याख्या का ऊंचा सैद्धांतिक महत्त्व है कि मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संविधान प्रदत्त जीवन के मौलिक अधिकार का अभिन्न अंग है। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की खंडपीठ ने कहा कि स्कूलों में लड़कियों को इससे संबंधित सुविधाएं मिलें, यह सरकारों को सुनिश्चित करना चाहिए। इस सिलसिले में लड़के, लड़कियों, और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग शौचालय बनाने तथा लड़कियों को सेनेटरी पैड मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट की ये राय सटीक है कि मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य के सुरक्षित, प्रभावी, और किफायती उपाय उपलब्ध ना होने पर लड़कियों की गरिमा प्रभावित होती है। इसलिए अदालत ने इन सुविधाओं को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बालिकाओं का मौलिक अधिकार बना दिया है। यानी न्यायालय ने जीवन के अधिकार संबंधी अनुच्छेद का विस्तार किया है।

ठीक ऐसा ही विस्तार एक दशक पहले कोर्ट की एक संविधान पीठ ने किया था, जब निजता को नागरिकों का मौलिक अधिकार घोषित किया गया। दरअसल, गुजरे दशकों में कोर्ट ने अपने कई महत्त्वपूर्ण निर्णयों एवं व्याख्याओं के जरिए नागरिक समाज के विभिन्न समूहों के मौलिक अधिकारों का विस्तार किया है। लेकिन बात घूम–फिर कर अमल पर आ जाती है। पूर्व निर्णय से निजता कितनी सुरक्षित हुई? खुद संसद ने जीवन के बुनियादी हक संबंधी अनुच्छेद 21 में उपधारा 21–ए जोड़कर प्राथमिक शिक्षा को बच्चों का मूल अधिकार बनाया था। उसके तहत स्कूल को खास ढंग से परिभाषित किया गया, जिसमें लड़कियों के लिए अलग से शौचालय की अनिवार्यता उपलब्धता शामिल है। यह कानून लागू हुए 16 वर्ष गुजर गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश से जाहिर है कि सरकारों ने उस धारा के तहत अपने दायित्व को नहीं निभाया। यानी ये जरूरत पूरी नहीं की गई। तो नए आदेश पर पालन सुनिश्चित कौन कराएगा? इसका उल्लंघन होने पर जवाबदेही कैसे तय होगी? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अनेक संवैधानिक प्रावधान, कानून, और सर्वोच्च अदालत के महत्त्वपूर्ण आदेश आज भी अमल की ताक में हैं। अतरू सुप्रीम कोर्ट को इस समस्या का भी निवारण करना चाहिए। वरना, उसका ताजा निर्णायक भी महज सैद्धांतिक रूप से महत्त्वपूर्ण बना रह जाएगा।

# भागवत ने कहा -"संघ का गठन राष्ट्र कल्याण के लिए हुआ"



गुलफिशा खान

एक्टर सलमान खान बीते दिनों मुंबई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत के भाषण को बहुत ही ध्यान से सुन रहे थे। जिसमें भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि संघ किसी का विरोध किए बिना देश के लिए काम करता है, राष्ट्रीय एकता पर ध्यान केंद्रित करता है और सत्ता की लालसा किए बिना कार्य करता है। इसके लिए उन्होंने छात्रों के फैशन का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि छात्र बिना किसी तर्क के फैशन को फॉलो करते हैं। मोहन भागवत ने कहा कि समाज फैशन से चलता है। सिनेमा में सलमान खान क्या पहनते हैं, कॉलेज के विद्यार्थी वैसा ही पहनते हैं। सलमान के फैशन को क्यों फॉलो कर रहे हैं, इसके पीछे उनके पास कोई तर्क नहीं होता। मंबई में आरएसएस के व्याख्यानमाला कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने दुनियाभर में भारत की मजबूत भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम विश्व गुरु बनेंगे वो भी भाषण से नहीं, उदाहरण से। अगर आप भारत के हो, तो ये स्वभाव आप में है। उन्होंने कहा कि यहां रहने वाला मुसलमान और ईसाई भारत का है। इस दौरान संघ प्रमुख ने देश में रहने वाले हिंदुओं के बारे में भी बात की। संघ प्रमुख ने कहा कि देश में ऐसे हिंदू भी हैं जो खुद को भूल ही चुके हैं और इसी वजह से लोगों ने भी उनको भुला दिया है। देश के अंदर ऐसी कोशिशें की जा रही हैं कि उनको पूरी तरह से भुला दिया जाए। भारत में रहने वाले चार प्रकार के हिंदू कौन–कौन से हैं, उन्होंने ये भी बताया। मोहन भागवत ने कहा कि भारत में चार किस्म के हिंदू हैं। पहला वे जो कहते हैं, गर्व से कहो हम हिंदू हैं। दूसरा वो जो कहते हैं कि हम हिंदू हैं तो हैं, गर्व की क्या बात है। तीसरा वो जो धीरे से बोलो, हम हिंदू हैं। घर में आकर पूछोगे तो बताएंगे और चौथा वो जो भूल गए हैं, जिनको भुला दिया गया है और भी लोग भूल जाएं, ऐसा प्रयास चल रहा है। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता गलत शब्द है, उसे पंथनिरपेक्षता कहना चाहिए। क्योंकि धर्म जीवन का आधार है। संघ प्रमुख ने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, लोग कहते हैं कि वह आरएसएस के हैं। अरे, भाजपा



एक राजनीतिक पार्टी है, उसमें बहुत से लोग हैं, उसमें स्वयंसेवक भी प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे संघ के नहीं हैं, वे स्वयंसेवक हैं। मोहन भागवत ने भाषाओं और संस्.ति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि संस्.ति हम सबको जोड़ती है। अनेक भाषाएं हैं, अनेक देवी–देवताओं की हम पूजा करते हैं, खान–पान की आदतें, रीति–रिवाज और परंपराएं जगह– जगह अलग–अलग हैं लेकिन एक पहचान है जो हम सबको एकजुट करती है, हम उसे हिंदू कहते हैं। मोहन भागवत ने ये भी बताया कि संघ का गठन आखिर किया क्यों गया था। उन्होंने ये साफ किया कि संघ का गठन किसी के विरोध में, किसी के प्रति प्रतिक्रिया स्वरूप, अपने प्रचार के लिए या सत्ता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के कल्याण के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि संघ ने पहले ही तय कर लिया था कि उसका काम सिर्फ संपूर्ण समाज को संगठित करना है। जो काम अन्य सभी अच्छे कार्यों को पूरा करने में मदद करे और सभी महान उद्देश्यों की पूर्ति करे, वही कार्य संघ है। मोहन भागवत ने कहा कि सिनेमा में सलमान खान क्या पहनते हैं, वही कॉलेज के विद्यार्थी पहनते हैं. पूछने पर कि ऐसा क्यों पहनते हो, तो जवाब मिलता है, मालूम नहीं. इसका मतलब है कि आज बहुत–सी चीज़ें फैशन से संचालित हो रही हैं और जो फैशन गढ़ते हैं, वही समाज में श्रेष्ठ और विश्वास के पात्र बन जाते हैं।

# संसदीय नियम 349 पर विशेषज्ञों की राय एक जैसी नहीं



फरीद वारसी

लोकसभा में बीते सप्ताह अभूतपूर्व गतिरोध देखने को मिला, जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव बिना किसी व्यापक चर्चा के केवल वॉइस वोट से पारित करना पड़ा। यह स्थिति उस विवाद के बाद बनी, जिसकी शुरुआत बीते सोमवार को तब हुई जब कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की अप्रकाशित किताब का हवाला देने की अनुमति मांगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) एम. एम. नरवणे द्वारा लिखी एक अप्रकाशित किताब को कोट करने पर अड़ गए जिसमें उन्होंने 2020 में लद्दाख में भारत–चीन सीमा झड़प के बारे में विवादित तथ्य लिखे हैं। स्पीकर ओम बिरला द्वारा इस अनुरोध को ठुकराने के बाद चार दिनों तक लोकसभा में कामकाज ठप रहा। न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न ही राहुल गांधी, दोनों में से कोई भी इस महत्वपूर्ण बहस में हिस्सा नहीं ले पाए। गौरतलब है कि स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी को रोकते हुए लोकसभा के नियम 349 का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है, सदन की बैठक के दौरान कोई सदस्य ऐसी पुस्तक, समाचार पत्र या पत्र नहीं पढ़ेगा जिसका सदन के कार्य से संबंध न हो। इस राजनीतिक गतिरोध ने लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों को फोकस में ला दिया है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की पुस्तक से चुनिंदा विवरण उद्धृत करने के राहुल गांधी की मांग को नियम 349 के तहत खारिज किया था, ये कहते हुए कि उनकी किताब अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है। नियम 349 के अनुसार जब सदन की बैठक चल रही हो, कोई सदस्य–(प) सदन के तय बिज़नेस से अलग कोई भी पुस्तक, समाचार पत्र या पत्र नहीं पढ़ेगा। इस किताब का हवाला देते हुए लोकसभा स्पीकर ने कहा था कि



अखबार की कटिंग पर, कोई किताब पर, कोई ऐसा विषय जो ऑथेंटिक नहीं हैं उन विषयों पर सदन में चर्चा की परम्परा नहीं रही है...आपने मुझसे नियम के लिए सवाल पूछा है। मैं आपको पहले नियम बता देता हूँ. नियम 349। ऐसी पुस्तक, समाचार पत्र नहीं पढ़ा जायेगा, जिसका सभा की कार्यवाही से कोई संबंध न हो. मैं दूसरा नियम पढ़ देता हूँ। नियम सबके लिए हैं। नियम 353 भी देख लीजिये। महत्वपूर्ण बात यह है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी को कारवां मैगज़ीन से कोट करने की अनुमति देने से इंकार करते हुए नियम 349 के साथ ही नियम 353 का भी हवाला दिया। नियम 353 में कहा गया है कि किसी सदस्य द्वारा किसी भी व्यक्ति के खिलाफ मानहानिकारकया अभियोगात्मक प्र.ति का कोई भी आरोप तब तक नहीं लगाया जाएगा जब तक कि सदस्य ने अध्यक्ष और संबंधित मंत्री को पर्याप्त अग्रिम सूचना नहीं दी है ताकि मंत्री जवाब देने से पहले मामले की जांच कर सकें– बशर्ते कि अध्यक्ष किसी भी समय किसी भी सदस्य को ऐसा आरोप लगाने से रोक सकते हैं यदि अध्यक्ष की राय है कि ऐसा आरोप सदन की गरिमा के लिए अपमानजनक है या ऐसे आरोप लगाने से कोई सार्वजनिक हित पूरा नहीं होता है। वहीं दूसरी ओर संसदीय प्रक्रिया के विशेषज्ञों की राय इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बंटी हुई है। भारत की पहली महिला लोकसभा महासचिव रहीं स्नेहलता श्रीवास्तव, जो 2017 से 2020 के बीच निचले सदन की महासचिव रहीं, ने एक साक्षात्कार में मीडिया से कहा कि नियम 349 का दायरा बड़ा है क्योंकि यह सदन के बिज़नेस को संदर्भित करता है। इस मामले में सबसे मुख्य मुद्दा यह है कि पुस्तक अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है। केवल एक अप्रकाशित पुस्तक के अंश एक पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। इसे प्रमाणित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि अप्रकाशित पुस्तक के मामले में लेखक भविष्य में पुस्तक के कंटेंट को बदल सकता है। लेकिन लोकसभा के पूर्व महासचिव पी. डी.टी. आचारी, जो 1 अगस्त, 2005 से 30 अगस्त, 2010 के बीच निचले सदन के महासचिव रहे, इस मुद्दे पर अलग राय रखते हैं। एक साक्षात्कार में पी. डी.टी.आचारी ने कहा कि नियम 349 के अनुसार, आप सदन के बिज़नेस से अलग हटकर कोई किताब, लेख या अखबार नहीं पढ़ सकते हैं। इसका सकारात्मक अर्थ यह है कि यदि कोई विषय सदन के कामकाज से जुड़ा है, तो एक सांसद इसे पढ़ सकता है। राहुल गांधी के मामले में, सदन का बिज़नेस राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस था। इसका मतलब है कि सदन का कामकाज रक्षा, विदेशी मामलों से जुड़े मुद्दों से जुड़ा था...ये सभी मामले राष्ट्रपति के अभिभाषण में हैं। राहुल गांधी जो कहना चाहते थे वह सदन के बिज़नेस से जुड़ा था। राहुल गांधी एक लेख पढ़ना चाहते थे जो एक पत्रिका में प्रकाशित हुआ था। जब भी कोई सांसद कुछ उद्धृत करना चाहता है, तो वह इसे प्रमाणित और सत्यापित कर सकता है। आप किसी के खिलाफ अपमानजनक संदर्भ नहीं दे सकते, लेकिन प्रमाणीकरण के बाद अध्यक्ष सांसद को एक प्रकाशित पत्रिका, पुस्तक या पत्र से उद्धरण देने की अनुमति देता है। राहुल गांधी को अनुमति न देना तर्कसंगत नहीं था।

# औशंकराचार्य वाला विवाद खड़ा

हरिशंकर व्यास

सोशल मीडिया में कहा जा रहा है कि साजिश के तहत यूजीसी के नियम जारी किए गए। औशंकराचार्य वाला विवाद खड़ा किया गया। कई लोगों ने कहा कि नरेंद्र मोदी को कमजोर करने और उनके सबसे निष्ठावान वोट को उनसे अलग करने के लिए किसी ने अंदर से साजिश की और यूजीसी का नियम जारी हुआ। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री को इसका अंदाजा हो गया इसलिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इस पर रोक लगाने का विरोध नहीं किया। सवाल है कि जिस पार्टी में नेता, मंत्री, अधिकारी सब ऊपर के आदेश से ही सांस लेते हैं वहां किसने ऐसा करने की साजिश की?

भाजपा इकोसिस्टम के लोग शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को निशाना बना रहे हैं। वे पिछड़ी जाति से आते हैं और खुल कर पिछड़ा राजनीति करने में यकीन करते हैं। कहा जा रहा है कि ओडिशा का मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के बाद जब भाजपा का अध्यक्ष पद भी हाथ से निकला तो संसदीय समिति की सिफारिशों में अदलाबदली करके प्रधान ने ऐसा नियम जारी करवा दिया, जिससे पार्टी फंसी। शंकराचार्य वाले मामले को दिल्ली बनाम लखनऊ के विवाद और साजिश के तौर पर प्रचारित किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दिल्ली के इशारे पर सब कुछ हुआ है।

यूजीसी नियमों में साजिश का दूसरा पहलू दिल्ली बनाम लखनऊ के विवाद के तौर पर पेश किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि जान बूझकर अगड़ा बनाम पिछड़ा का मुद्दा बनाया गया और अगड़ों के विरोध को खूब फैलाया गया। ध्यान रहे उत्तर प्रदेश में बाकी किसी भी राज्य के मुकाबले अगड़ी जातियां खास कर ब्राह्मण, राजपूत और भूमिहार सबसे ज्यादा हैं। अगर वे भाजपा से नाराज होते हैं तो अगले साल के चुनाव में उसे बड़ा नुकसान हो सकता है। लेकिन अगर इसका उलटा हो गया तो क्या होगा? अगर अगड़े नाराज हुए और सचमुच पिछड़े भाजपा के पक्ष में गोलबंद हो गए तब तो यह दांव मास्टरस्ट्रोक बन जाएगा? हालांकि साजिश थ्योरी वाले इसे नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि 18 फीसदी मुस्लिम और 10 फीसदी यादव तो पूरी तरह से सपा के साथ हैं। 20 फीसदी दलितों में से हर हाल में 10 फीसदी दलित मायावती का साथ देंगे। अगर 20 से 22 फीसदी सवर्ण भाजपा से छिटके तो भाजपा बुरी तरह से हारेगी। तभी साजिश थ्योरी वाले इसे योगी आदित्यनाथ को कमजोर करने की साजिश के तौर पर देख रहे हैं।

इसी तरह, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के पिछले दिनों देश के एक बडे उद्योगपति के यहां जाने की तस्वीरें प्रसारित की जा रही हैं और कहा जा रहा है कि योगी आदित्यनाथ को कमजोर करने के लिए यह साजिश रची गई। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शंकराचार्य के प्रति सद्भाव दिखाया और उनसे अनशन समाप्त करने की अपील की थी। इस पर कहा जा रहा है कि वे दिल्ली के नेता के करीबी हैं। इसलिए उन्होंने अलग लाइन पकड़ी। अब सवाल है कि अगर कोई साजिश थी तो योगी आदित्यनाथ को किसने रोका था कि वे अपने प्रशासन के लोगों को शंकराचार्य के पास भेजें और मामला खत्म कराए? उनको मनाने का जो काम शंकराचार्य के माघ मेला छोड़ने के बाद किया गया वह पहले भी हो सकता था। जो हो इन दोनों घटनाओं ने देश की राजनीति में नए सिरे से ध्रुवीकरण की संभावना को जन्म दिया है। तभी यह भी माना जा रहा है कि नरेंद्र मोदी यथास्थिति को तोड़ते रहते हैं ताकि समाज और राजनीति में उथलपुथल मचा कर अपनी लोकप्रियता कायम रखे।

## जनता इंटर कालेज तालगांव में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। विकास खण्ड परसेंडी इलाके के तालगांव स्थित जनता इंटर कालेज में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपनी एकांकी व गीत गायन के माध्यम से आये हुए अतिथियों को मंत्र मुग्ध किया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा अतिथियों के माध्यम से विगत वर्ष में 10 जी व 12 जी में सबसे अधिक अंक पाने वाले मेधावियों को साइकिल वितरण करवा कर उनकी हौशला आफजाई की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतुल वर्मा विधायक प्रतिनिधि लहरपुर, इंद्रपाल चौधरी सदस्य जिला पंचायत, प्रहलाद कुमार कन्नौजिया प्रतिनिधि सदस्य जिला पंचायत, संग्राम सिंह पटेल भोजपुरी एक्टर, रत्नम राठौर सांसद प्रतिनिधि के रूप में मौजूद रहे। आये हुए सभी अतिथियों को प्रबंधक एहतिशाम शानू व प्रधानाचार्य अमीरुल रशीद,रियाजुद्दीन अंसारी ने माला पहनाकर स्वागत किया।



# विकसित भारत 2047 की ओर स्मार्ट रास्ता - हड़ताल नहीं, बल्कि श्रम संहिता

डॉ. दीपक जायसवाल

पीढ़ियों से, भारत के श्रमिकों ने एक पुरानी और टुकड़ों में बंटी श्रम प्रणाली का बोझ उठाया है, जो अक्सर उनके वेतन, सुरक्षा और कार्यस्थल पर गरिमा की रक्षा करने में विफल रही है। असंगठित, संविदा और उभरते गिग क्षेत्रों के करोड़ों श्रमिक नीति–परिदृश्य में अदृश्य रहे हैं और बुनियादी सामाजिक सुरक्षा से वंचित रहे हैं। चार श्रम संहिताएँ इन ऐतिहासिक अन्यायों का सुधार करने के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित प्रयास का प्रतिनिधित्व करती हैं। लगभग तीन दर्जन अलग–अलग कानूनों को एक सुसंगत, एकल ढांचे में लाकर, ये संहिताएँ न्यायसंगत वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और उन लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करती हैं, जो लंबे समय से वंचित रहे हैं। वर्षों के परामर्श और बहस के बाद इनका कार्यान्वयन, श्रमिकों के अधिकारों को मजबूत करने तथा अधिक स्थिर और मानवतापूर्ण रोजगार वातावरण बनाने में निर्णायक क्षण का प्रतीक है। एक जिम्मेदार ट्रेड यूनियन संगठन के रूप में, भारतीय ट्रेड यूनियनों का राष्ट्रीय मोर्चा (एनएफआईटीयू), कामगारों की दीर्घकालिक भलाई, गरिमा और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मोर्चा दृढ़ता से मानता है कि 12 फरवरी को श्रम संहिताओं के खिलाफ हड़ताल में भाग लेना न तो आवश्यक है और न ही वर्तमान समय में श्रमिक वर्ग के सर्वोत्तम हित में है। श्रम संहिताएं कोई अचानक या एकतरफा हस्तक्षेप नहीं हैं। ये दो दशकों से अधिक समय तक चली सुधार प्रक्रिया का परिणाम हैं। 29 अलग–अलग श्रम कानूनों को चार व्यापक संहिताओं में समेकित करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, ताकि अनुपालन को सरल बनाया जा सके, अस्पष्टता को कम किया जा सके तथा कार्य और रोजगार की बदलती वास्तविकताओं के अनुरूप भारत की श्रम रूपरेखा को आधुनिक बनाया जा सके। श्रम संहिताओं को पूरी तरह खारिज करना उन मौलिक लाभों की उपेक्षा करता है, जो वे श्रमिकों को प्रदान करने का प्रयास करती हैं। वेतन संहिता सार्वभौमिक न्यूनतम वेतन कवरेज और समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करती है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से मौजूद वेतन सुरक्षा के अंतर को दूर किया जा सकता है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, पहली बार, असंगठित, संविदा, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा की विधायी रूपरेखा तैयार करती है। इन श्रमिकों की संख्या लगभग 40 करोड़ है और पहले ये श्रमिक औपचारिक सुरक्षा व्यवस्था से बाहर थे। ये प्रावधान भारत में श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का ऐतिहासिक विस्तार प्रस्तुत करते हैं। औद्योगिक संबंध संहिता तथा पेशे से जुड़ी सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य–परिस्थिति संहिता का उद्देश्य औद्योगिक सद्भाव, तेज विवाद निवारण और सुरक्षित, स्वस्थ व अधिक सम्मानजनक कार्यस्थलों को बढ़ावा देना है। कुछ प्रावधानों को लेकर चिंताएँ हो सकती हैं, अनुभव बताते हैं कि व्यापक विरोध और हड़तालों से शायद ही रचनात्मक परिणाम मिलते हैं। संवाद, नियम–आधारित सुधार और मुद्दा–विशेष पर चर्चा के जरिये श्रमिकों के हित बेहतर तरीके से पूरे किये जा सकते हैं, बजाय इसके कि आपस में टकराव हो, जिससे पारिश्रमिक हानि, उत्पादन में रुकावट और रोजगार असुरक्षा का जोखिम पैदा होता हैकृविशेष रूप से श्रम बल के सबसे कमजोर वर्गों के लिए। यह दावा करना भी गलत है कि श्रम संहिताएँ बिना परामर्श के लागू की गई हैं। सुधार प्रक्रिया में त्रिपक्षीय चर्चाओं के कई दौर, संसद की स्थायी समितियों में विचार–विमर्श और विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद शामिल थे। एक लोकतांत्रिक प्रणाली में, मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन इन्हें बातचीत और संस्थागत संवाद के माध्यम से हल किया जाना चाहिए, न कि उन व्यवधानों के द्वारा जो अंततरू स्वयं श्रमिकों को ही नुकसान पहुंचाते हैं। जब भारतीय अर्थव्यवस्था संरचनात्मक रूपांतरण के दौर से गुजर रही है और राष्ट्र विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है, श्रमिक संघों को विघटन के बजाय जिम्मेदार कार्रवाई का चयन करना चाहिए। हमारी भूमिका केवल सुधारों का विरोध करना नहीं है, बल्कि उन्हें इस तरह आकार देना है कि श्रमिकों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल पर गरिमा को प्रभावी क्रियान्वयन और सतत सुधार के माध्यम से व्यावहारिक तौर पर मजबूत किया जा सके। श्रमिक संघों की वास्तविक जिम्मेदारी केवल विरोध करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मजदूरों को वास्तविक रूप में जमीनी स्तर पर लाभ हो। अब ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि श्रम संहिताओं को न्यायपूर्ण तरीके से लागू किया जाए और इन्हें हर उस मजदूर तक पहुँचाया जाए, जिसे सुरक्षा की आवश्यकता है। हड़ताल की बजाय संवाद, सहयोग और निरंतर सुधार चुनकर, श्रमिक संघ एक ऐसा प्रणाली बनाने में मदद कर सकते हैं, जो श्रमिकों के लिए नौकरी की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और गरिमा प्रदान करती हो और साथ ही 2047 तक विकसित भारत की ओर देश की यात्रा का भी समर्थन करती हो।

(लेखक, भारतीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय मोर्चा (एनएफआईटीयू) के अध्यक्ष हैं)

# ससुराल की प्रताड़ना से तंग युवक ने कुएं में कूदकर दी जान

## – विदाई के विवाद में उजड़ा परिवार

न्यूज वाणी ब्यूरो



रामपुर मथुरा, सीतापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम मरौचा में रविवार की रात उस समय कोहराम मच गया, जब एक 25 वर्षीय युवक का शव गांव के ही एक कुएं में उतराता हुआ मिला। मृतक की पहचान पवन कुमार पुत्र आसाराम के रूप में हुई है। परिजनों ने युवक के ससुराल वालों पर प्रताड़ना और मानसिक रूप से परेशान करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक पवन का विवाह करीब डेढ़ साल पहले देसीलौकिया निवासी लालजी यादव की पुत्री से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष उसकी पत्नी को विदा करने में अक्सर आनाकानी करता था, जिससे पवन काफी परेशान रहता था। रविवार, 8 फरवरी को पवन अपनी पत्नी को विदा कराने के लिए अपनी ससुराल गया था। परिजनों का कहना है कि वहां उसे अपमानित और प्रताड़ित किया गया। ससुराल से खाली हाथ लौटने के बाद पवन गहरे सदमे में था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिजनों की ओर से एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर मामले में निष्पक्ष विधिक कार्रवाई की जाएगी। सुरेश कुमार यादव, थाना प्रभारी।

# वो चल दिए हैं रुठ के उनको मनाए कौन

## - बज्म फरोगे अदब का 19 वां तरही मुशायरा संपन्न हुआ

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखीमपुर खीरी। बज्म फरोगे अदब की जानिब से हर महीने होने वाले तरही मुशायरे की फेहरिस्त में 19 वां तरही मुशायरा संपन्न हुआ। मुशायरे की सदारत बज़्म के सदर आमिर रजा पम्मी ने की निजामत डॉ एहराज अरमान ने किया। खीरी कस्बे के मदरसा सुल्ताने हिंद में आयोजित 19 वें तरही मुशायरे का आगाज तिलावते कुरआन और नात पाक से करते हुए सदर आमिर रजा ने कहा वाह क्या जूदो करम है शहे बतहा तेरा, नहीं सुनता ही नहीं मांगने वाला तेरा। मुशायरे की निजामत कर रहे बज़्म के सिक्रेट्री डॉ एहराज अरमान ने कहा– यूसुफ का हुस्न बिकने को बाजार आ गए, कीमत तो सोचिए भला उनकी लगाए कौन। नफीस वारसी ने पढ़ा– औकात जालिमों की भला अब बताए कौन, मंजर है करबला सा मगर सर कटाए कौन। इकबाल अकरम वारसी कहा–कहरे खुदा से बस्ती को आखिर बचाए कौन, दावा है जब खुदाई का सर को झुकाए कौन। शहबाज हैरत चिश्ती ने कहा– है एक ही मदारी का राज अपने गाँव में, बस्ती में उस के रहते तमाशा दिखाये कौन। सैयद सलमान अहमद रिजवी ने कुछ यूं कहा– कर डाला कत्ल वक्त ने मन्सूरे वक्त को, दुनिया में अब सदा ए अनल हक लगाए कौन। उमर हनीफ कुरैशी ने पढ़ा–हर हाल में बनाइए तालीम याता, गुरबत में भी नहीं सोचिए बच्चे पढ़ाए कौन। अय्यूब अंसारी ने कहा आती हैं मुझको हिचकियां कुछ आज कल बहुत बैठा है मेरी याद की महफिल सजाए कौन। आसिफ अंसारी ने कहा कि कातिल निगाहे उसकी ये कहती हैं दोस्तों, आंखों से कत्ल होता है खंजर चलाए कौन। वसीक रजा कुरैशी ने कहा कि सबके हैं लब सिले हुए हर आँख खुद–परस्त, इंसानियत की लाश पे आँसू बहाये कौन। हसन अंसारी ने कहा– दिल में लगे जो दाग है उनको मिटाए कौन, सर कों यजिदे वक्त के आगे झुकाए कौन। सैफुल इस्लाम सैफ ने कहा– हँसना हयात के लिए लाजिम है दोस्तों दिल पर हो बार गम का अगर मुस्कराए कौन तरही मुशायरा देर रात कामयाबी के साथ मुकम्मल हुआ।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु डीएम गंभीर, गठित की जांच टीमें

## – हर सड़क दुर्घटनाओं की होगी जांच, विभागों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। गत शनिवार दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन बेहद गंभीर है। मोहम्मदाबाद गोहाना में उल्टी दिशा से तेज गति से आ रहे डंपर द्वारा बाइक सवार को टक्कर मारने के कारण हुई मौत को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। इस सड़क दुर्घटना की जांच हेतु उन्होंने अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस से अधीक्षक को संयुक्त रूप से जांच अधिकारी नामित करते हुए तेज रतार डंपर वाहन की वैधता, खनन विभाग एवं पुलिस थाना की भूमिका सहित अन्य बिंदुओं पर जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी एवं सीओ ट्रैफिक को संयुक्त रूप से जनपद में होने वाली हर सड़क दुर्घटनाओं की जांच के निर्देश दिए हैं। इस जांच टीम द्वारा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच होगी, जिससे दुर्घटना के कारणों का उत्तरदायित्व संबंधित विभाग पर निर्धारित करते हुए उन विभागों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। यह जांच टीम सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण, दुर्घटना को दावत देने वाले होर्डिंग्स एवं बैनर हटाए जाने, सड़क पर गिट्टी, बालू की जांच करने, संबंधित सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा निर्धारित स्थलों पर साइनेज बोर्ड लगाने, मार्किंग, रंबल स्ट्रिप, ब्रेकर सहित वन विभाग एवं पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क पर .श्यता को कम करने वाले पेड़ पौधों एवं झाड़ियों को हटाने सहित अन्य बिंदुओं पर जांच करेंगी। ज्ञातव्य है कि सड़क सुरक्षा के बैठकों के दौरान जिलाधिकारी द्वारा तेज गति से डंपर न चलाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा वैध परमिट होने पर ही डंपर चलाने की जांच करने के निर्देश परिवहन, खनन विभाग सहित संबंधित थानों को दिए गए थे, जिसका अनुपालन ठीक ढंग से न होने के कारण थाना सरायलखंसी के नरसिंहपुर पालीगढ़ गांव निवासी राहुल कुमार की मृत्यु चिरैयाकोट के पास मनाजीत गांव के बाईपास मार्ग पर हो गई थी। इस पर जिलाधिकारी ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े समस्त विभागों की जवाब देही तय करने के निर्देश दिए हैं। इस हेतु उन्होंने जांच टीमों का गठन कर संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित कार्यों की जांच करते हुए उनके जवाब देही तय करने के निर्देश जांच टीम को दिए हैं, जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# नैमिषारण्य में भीषण हादसा : ओवरटेक करने के चक्कर में गहरी खाई में गिरी कार

न्यूज वाणी ब्यूरो



नैमिषारण्य, सीतापुर। तीर्थ नगरी नैमिषारण्य के पास श्मारेली कारखिला मोड़श पर एक तेज रतार कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के वक्त कार में कुल पांच लोग सवार थे, जो लखनऊ से दर्शन के लिए आ रहे थे। गनीमत रही कि इस खौफनाक मंजर के बावजूद किसी की जान नहीं गई। ओवरटेक की कोशिश बनी हादसे की वजह प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, लखनऊ से आ रही कार जब मारेली कारखिला मोड़ पर पहुँची, तो चालक ने सामने चल रहे एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा समाई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही उप निरीक्षक प्रशांत सिंह पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर खाई में फंसी कार से सभी पांचों लोगों को बाहर निकाला गया। कार में लखनऊ निवासी कुल पांच लोग सवार थे। 2 लोगों को गंभीर चोटें, 3 को मामूली खरोंचें आई हैं। कार में सवार सभी पांच लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया। दो लोगों को अधिक चोटें आई हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। प्रशांत सिंह उप निरीक्षक ने कहा कि घुमावदार मोड़ों पर ओवरटेक करना खतरनाक हो सकता है। पुलिस ने तीर्थयात्रियों से सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 817 मरीजों का इलाज

## – हड्डी, हृदय, स्त्री व सांस रोगों की जांच, सर्जरी योग्य मरीज अस्पताल रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो



हरगांव, सीतापुर। जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं पारा सराय स्थित के० पी० सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत सेलूमऊ की झरेखापुर बाजार में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के गरीब, जरूरतमंद एवं ग्रामीण लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ सलाहकार ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुधीर कुमार चौधरी द्वारा हड्डी से संबंधित 113 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से गंभीर मामलों को आवश्यक सर्जरी हेतु के० पी० सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहीं डॉ. एस० ए० मीर (एमडी मेडिसिन) ने 52 हृदय रोगियों का कार्डियक परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं एवं श्वास संबंधी रोगों की जांच कर मरीजों को उपचार प्रदान किया गया। महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए डॉ. मधुलिका राय ने महिलाओं में बांझपन, ल्यूकोरिया एवं माहवारी से जुड़ी बीमारियों की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। डॉ. फोजिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा 93 महिलाओं का परीक्षण किया गया, जबकि डॉ. मोहम्मद इलियास (जनरल फिजिशियन) ने वायरल फीवर से पीड़ित 129 मरीजों की जांच कर उपचार किया। शिविर में कुल 817 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के जनरल मैनेजर मुकेश बघेला एवं सीनियर मैनेजर नीतीश भीमटे द्वारा किया गया। आए हुए अतिथियों का स्वागत श्री पीतांबरा शिक्षा समिति के चेयरमैन डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। शिविर के सफल आयोजन में समिति के 12 पैरामेडिकल स्टाफ, 8 नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित ग्रामीणों ने इस पहल की जमकर सराहना की और ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से कराने की मांग की।

# 22 फरवरी को जनपद न्यायालय में लगाया जाएगा कैंप

## - मेगा शिविर का लाभ उठाएं जनमानस

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ०प्र० के निर्देशों के अनुपालन में आज वृहद विधिक सहायता, सेवा शिविर के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं सफल आयोजन हेतु बैठक जनपद न्यायाालय के दसकक्षीय सभागार में शक्ति सिंह–I, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0–01, नोडल अधिकारी लोक अदालत की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है। शक्ति सिंह–I, नोडल अधिकारी अपर जिला जज कोर्ट संख्या–1, द्वारा यह बताया गया कि 22 फरवरी को जनपद के समस्त सरकारी विभागों द्वारा जनपद न्यायालय परिसर में कैम्प लगाया जायेगा, जिसमें सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहेगें। शासन स्तर पर जितनी भी कल्याणकारी योजनायें वर्तमान में चल रही हैं, उन सभी का लाभ आमजन तक पहुँच सके इसका प्रयास न्याय पालिका द्वारा किया जा रहा है। बृहद विधिक सहायता, सेवा शिविर (मेगा शिविर) का लाभ उठाने का अनुरोध करते हुए यह बताया कि इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं, निर्बल/निर्धन, अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांगजन आदि के कल्याण के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं से आम जन मानस को लाभांवित करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अर्चना द्वारा यह बताया गया कि विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा होने की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला .षि अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला पशुपालन अधिकारी, जिला मत्स्य पालन अधिकारी, जिला महिला एवं बाल कल्याण अधिकारी, प्राचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर, परियोजना निदेशक डू0डा0, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, सहायक आयुक्त जी0एस0टी0, जिला बाट माप अधिकारी, जिला ड्रग्स एण्ड कास्मेटिक अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला जिला कार्यक्रम अधिकारी, समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, जिला सेवा योजन अधिकारी व नगर पालिका परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय में मिलेगी निशुल्क शिक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक प्रवेश परीक्षा की तिथि 8 मार्च को सहायक श्रमायुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय हेतु आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 08 मार्च 2026 को निर्धारित है। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश हेतु जनपद में पंजी.त निर्माण श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।

# छह दिन से लापता युवक का तालाब में मिला शव

## – तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

थानगांव, सीतापुर। जिले में थानगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीते 3 फरवरी से लापता 20 वर्षीय मनीष कश्यप का शव शनिवार सुबह गांव के ही एक तालाब में उतराता हुआ मिला। इस घटना से पूरे इलाके में आक्रोश और शोक की लहर है। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर गांव के ही तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार मनीष कश्यप 3 फरवरी की शाम को गांव के पास



स्थित एक नवनिर्मित पुलिया के पास से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। परिजनों का आरोप है कि मनीष को बंधक बनाकर रखा गया और शुक्रवार को उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को रात के अंधेरे में तालाब में फेंक दिया गया। शनिवार सुबह जब ग्रामीणों ने शव को देखा, तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला, तो मनीष की नाक से खून बह रहा था और शरीर पर चोट के गहरे निशान थे। रिपोर्ट में शरीर पर चोटों और नाक से रक्तस्राव की पुष्टि हुई है, जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि युवक के साथ मृत्यु से पूर्व मारपीट की गई थी। थानगांव थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि पुलिस युवक के लापता होने के बाद से ही उसकी तलाश कर रही थी। अब शव मिलने और पिता नरेश कश्यप की तहरीर के आधार पर शरीफ, खलील और शकील के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर सख्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आरोपियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# आईवी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया 15 वां वार्षिकोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। आईवी इंटरनेशनल स्कूल में बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ 15वां वार्षिकोत्सव



मनाया गया। जिसमें, नन्हे–मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार रंगारंग सांस्‍कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विशेष एक्ट भी प्रस्तुत किया गया। डॉ. मनोज यादव, डॉ. सुनैना यादव एवं मनोज त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और शुरुआत भगवान गणेश की वंदना से हुई। जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उसके बाद, नन्हे मुन्ने बच्चों ने आनंदी बाई के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक प्रस्तुति दी, .ष्ण–रास की सुंदर झांकी व उत्साह से भरपूर पिरामिड प्रदर्शन ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। छोटे–छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी कठपुतली नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और नाटक के माध्यम से वृद्धावस्था में माता–पिता के सम्मान का संदेश एवं छात्राओं द्वारा महिला एवं पुरुष क्रिकेट के अंतर को दर्शाते हुए प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। शिव तांडव द्वारा शिव शक्ति का प्रदर्शन किया गया। लखनऊ घराने की कथक नृत्यांगना .तिका सिंह की मनमोहक प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। मेयर कामिनी राठौर ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के साथ–साथ प्र.ति की रक्षा करना भी हम सभी का कर्तव्य है। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पूजा सिकेरा ने बताया कि विद्यालय के दर्जनों विद्यार्थी आईआईटी में चयनित हो चुके हैं, कई छात्र मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। अनेक विद्यार्थियों ने विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य निरंतर उत्‍ष्टता की ओर अग्रसर रहना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुलिस महानिदेशक नवनीत सिकेरा, विद्यालय की अध्यक्षा श्रीदेवी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पूजा सिकेरा, इंजीनियर गजेंद्र यादव, मोहिनी यादव, विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. नंदिनी यादव, मेयर कामिनी राठौर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, डॉ. रजनी यादव, गीता यादव, विधायक मुकेश वर्मा, डॉ. दिलीप यादव, हरिओम यादव, रामअवतार गुर्जर, ठाकुर विश्वदीप सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, डॉ. इंद्रपाल गुर्जर, एडवोकेट अनूप चंद्र जैन, एससी गांधी, राधेश्याम यादव, आशीष अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, उमाशंकर गुप्ता, विक्रम पहलवान, सुरेश कन्हैयानी सहित अनेक समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# निस्तारित मामलों में पक्षकारों की होती जीत

## – कोर्ट कचहरी के झंझट से निकलें बाहर उठाएं योजना का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश ध् अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 जो 02 जनवरी 2026 से प्रारम्भ है। उक्त अभियान न्यायालय से बाहर वादों का सामंजस्यपूर्ण तरीके से समाधान हेतु चलाया जा रहा है। जिसमें वैवाहिक विवाद के मामले, चेक बाउंस के मामले, ऋण वसूली मामले, उपभोक्ता विवाद, मोटर दुर्घटना, वाणिज्य विवाद, बटवारा सम्बंधी विवाद, शमनीय अपराधिक मामले, घरेलू हिंसा सेवा विवाद, बेदखली, भूमि अधिग्रहण व अन्य उपर्युक्त मामले देखे जा रहे है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी सिंह ने जनपद वासियों में जागरूकता हेतु अपील की है कि इस योजना का लाभ उठायें और कोर्ट कचहरी के झंझट से बाहर निकलें। इस अभियान के तहत निस्तारित मामलों में सभी पक्षकारों की जीत होती है, किसी की भी हार नहीं होती है।

# जन्मदिन की खुशियां मातम में बदलीं, युवकों पर जानलेवा हमला

न्यूज वाणी ब्यूरो



बिसवां, सदरपुर। जिले में बेखौफ बदमाशों के हौसले पस्त होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला सदरपुर थाना इलाके के देवियापुर का है, जहाँ जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे युवकों पर दबंगों ने धारदार हथियार, तमंचे की बट और लाठी–डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दो युवक लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बिसवां के मोहल्ला झज्झर निवासी विनीत कुमार मिश्रा, ललित दीक्षित और गौरव अग्निहोत्री रविवार रात करीब सवा ग्यारह बजे ग्राम धामी सरायं से एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में देवियापुर के पास एक दुकान पर रुकना उनके लिए काल बन गया। बताया जा रहा है कि वहाँ मौजूद रिंकू रावत नामक युवक ने बिना किसी कारण के गाली–गलौज शुरू कर दी। जब युवकों ने इसका विरोध किया, तो रिंकू ने अपने साथी सुरेंद्र रावत और चार अन्य अज्ञात हमलावरों को बुला लिया। देखते ही देखते आरोपियों ने युवकों को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। सिर पर वार और सरेराह फायरिंग हमले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रिंकू रावत ने विनीत मिश्रा के सिर पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे वे खून से लथपथ होकर गिर पड़े। बचाव करने आए ललित दीक्षित के सिर पर तमंचे की बट से प्रहार कर उन्हें भी गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोप है कि हमलावरों ने विनीत की जेब से 12,500 रुपये लूट लिए और वीडियो बना रहे साथी का मोबाइल भी तोड़ दिया। जब गौरव ने गाड़ी भगाकर जान बचाने की कोशिश की, तो दबंगों ने लाठी–डंडों से कार के शीशे तोड़ दिए और पीछे से फायरिंग भी की। पुलिसिया कार्रवाई और ग्रामीणों का आक्रोश खून से लथपथ पीड़ित किसी तरह देवियापुर चौकी पहुँचे और आपबीती सुनाई। घटना की जानकारी मिलते ही बिसवां और सदरपुर क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग थाने पहुँच गए। सदरपुर पुलिस ने नामजद आरोपी रिंकू रावत, सुरेंद्र रावत और चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरतारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी सलाखों के पीछे होंगे।

# सफर इंटरनेट डे पर वर्कशॉप का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष माह फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सफर इंटरनेट डे मनाया जाता है। स्मार्ट टच सेफ चॉइस एक्सपलोरिंग द सेफ एंड रिस्पांसिबल यूज ऑफ ए आई थीम के तहत इस वर्ष 10 फरवरी को सफल इंटरनेट डे मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 10 फरवरी 2026 को एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। उपरोक्त के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न 12 बजे सफर इंटरनेट डे वर्कशॉप का आयोजन किया गया है, जिसमें समस्त अधिकारीगण कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन, प्रबंधक वयमटेक प्राइवेट लिमिटेड, प्रबंधक आईपीसीएल प्राइवेट लिमिटेड तथा प्रबंधक सीएससी प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहेंगे।

# बंटोगे तो कटोगे, सीएम योगी की हुंकार

## – बोले– सनातन पर संकट यानी देश पर संकट

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तपोधाम आश्रम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सनातन सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का बड़ा संदेश दिया। महंत गिरधारी नाथ महाराज के स्मारक का अनावरण करने पहुंचे सीएम योगी ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि जो लोग जातियों के नाम पर समाज को बांट रहे हैं, वे देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इतिहास का स्मरण कराते हुए कहा कि भारत की गुलामी का सबसे बड़ा कारण हमारी आपसी फूट थी। उन्होंने कहा कि हम भूतकाल में इसलिए गुलाम हुए क्योंकि हम बंटे थे। हम इसलिए कटे क्योंकि हम एकजुट नहीं थे। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी को सतर्क करते हुए नारा दिया कि बंटोगे तो कटोगे, इसलिए बांटने वाली ताकतों से दूरी बनाना अनिवार्य है। बांग्लादेश पर चुप्पी और सेकुलर राजनीति पर प्रहार पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर बोलते हुए सीएम योगी का रुख बेहद आक्रामक रहा। उन्होंने विपक्ष और मौन बैठे बुद्धिजीवियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बांग्लादेश में रोज दलित हिंदुओं की हत्या हो रही है, लेकिन देश के बड़े नेता और दल चुप हैं। जब बात वोट बैंक की आती है तो सब बोलते हैं, लेकिन मरते हुए हिंदू पर सबकी जुबान सिल जाती है। जाति के नाम पर राजनीति करने वाले लोग आज उन दलितों के लिए आवाज क्यों नहीं उठा रहे? सीएम योगी ने उन ताकतों पर भी हमला बोला जिन्होंने भारत में शरण तो ली लेकिन देश के साथ गद्दारी की। उन्होंने कहा कि भारत ने सबको शरण दी, लेकिन कुछ लोगों ने शरणार्थी धर्म नहीं निभाया। उन्होंने उंगली पकड़कर गला पकड़ने का काम किया और हमारी संस्‍कृति को लूटने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुगल और अंग्रेजों ने भारत की आश्रम पद्धति और अर्थव्यवस्था को नष्ट किया, लेकिन सनातन आज भी वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ खड़ा है। नैमिषारण्य का पुनरुद्धार और बदलता भारत सीतापुर और नैमिषारण्य की महत्ता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 3500 वर्ष पहले 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि रहे नैमिष को उसका पुराना गौरव वापस दिलाया जा रहा है। पाकिस्तान के हिंगलाज (बलूचिस्तान) शक्तिपीठ के संत रहे गिरधारी नाथ जी ने विभाजन के बाद सीतापुर को अपनी



साधना स्थली बनाया, अब आने वाली पीढ़ियां उनके त्याग को जान सकेंगी। 1947 में बदहाल अर्थव्यवस्था वाला भारत अब पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सनातन ही समानता का असली प्रतीक सीएम ने सनातन को समता का व्यवहार बताते हुए कहा कि जहाँ चींटी को आटा, पहली रोटी गाय को और अंतिम रोटी कुत्ते को दी जाती है, वह संस्‍कृति कभी भेदभावपूर्ण नहीं हो सकती। उन्होंने नागपंचमी पर सांप को दूध पिलाने का उदाहरण देते हुए कहा कि हम जीव मात्र में ईश्वर देखते हैं।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# हैदराबाद से लूटे गए जेवरात के साथ भागे दो नेपालीयों को किया गिरतार

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 42 वीं वाहिनी ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हैदराबाद में हुई लूट की घटना से जुड़े दो नेपाली आरोपियों को लूटे गए जेवरात के साथ गिरतार किया है। एसएसबी 42 वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 फरवरी को हैदराबाद के जुबली हिल्स थाना पुलिस निरीक्षक द्वारा पत्र के माध्यम से सूचना दी गई थी कि दो नेपाली युवक हैदराबाद में एक घर से लाखों रुपये के जेवरात लूटकर फरार हो गए हैं और उनके भारत–नेपाल सीमा के रास्ते नेपाल भागने की संभावना है। सूचना मिलते ही रुपईडीहा सीमा पर चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया। 8 फरवरी को हैदराबाद पुलिस भी रुपईडीहा पहुंची और एसएसबी तथा पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान दोनों संदिग्धों को चिन्हित कर गिरतार कर लिया गया। गिरतार आरोपियों की पहचान .ष्ण चंद्र (23 वर्ष) पुत्र मन बहादुर चंद्र, निवासी वार्ड संख्या 7, जिला दैलेख, नेपाल तथा भूपेंद्र शाही (19 वर्ष) पुत्र शेर बहादुर शाही, निवासी आठबीस, जिला दैलेख, नेपाल के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के पास से लाखों रुपये मूल्य के सोने के दर्जनों की संख्या में जेवरात, जिनमें हीरे जड़े हुए थे, बरामद किए गए हैं। एसएसबी ने दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर बरामद जेवरात अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ के लिए हैदराबाद पुलिस के इंस्पेक्टर कविउद्दीन तथा आरक्षी विजय कुमार रुपईडीहा पहुंच चुके हैं। बाद में पकड़े गए दोनों आरोपियों और बरामद सामान को आगे की कार्रवाई के लिए हैदराबाद पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

# बाल विवाह मुक्तिरथ को एएचटीयू टीम ने दिखाई झंडी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत सरकार एवं जस्ट राइट्स इंडिया गठबंधन के अंतर्गत संचालित बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के तहत जनपद में बाल विवाह के खिलाफ एक महत्वपूर्ण पहल की गई। देहात इंडिया संस्था के तत्वावधान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ को मारीमाता मंदिर परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य देश से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना तथा समाज के हर वर्ग में इसके दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूकता फैलाना है। बाल विवाह मुक्ति रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को बाल विवाह निषेध कानून, बच्चों के अधिकारों और इसके सामाजिक–मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी देगा। यह सघन जन–जागरूकता अभियान 20 जनवरी से प्रारंभ होकर 08 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले में अधिक से अधिक लोगों विशेष रूप से धर्म गुरुओं, टेंट व्यवसायियों, मिठाई विक्रेताओं, नाइयों, केटरिंग संचालकों सहित अन्य संबंधित वर्गों तक पहुँच बनाकर उन्हें बाल विवाह रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर देहात इंडिया संस्था से मो. इमरान, रचना मिश्रा, विंध्यावासिनी, अदनान, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# डीआईजी के आदेश पर जनपद में चलाया सघन बैंक चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में सोमवार को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान का उद्देश्य बैंकों, एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों तथा उनके आसपास होने वाली आपराधिक घटनाओं जैसे लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंक शाखाओं, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को चेक किया गया, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास मार्ग आदि को जांचा गया। बैंक/एटीएम प्रबंधन को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही बैंक के सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो और वाहन चोरी जैसी घटनाओं को नियंत्रित की जा सके। इस दौरान बैंकों व एटीएम के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों एवं वाहनों की भी जांच की गई तथा संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई।

# पुलिस लाइन में मृत पुलिस कर्मी को अर्पित की श्रद्धांजलि

## – मृतक के परिजनों को ढांढस बंधा हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। पुलिस लाइन में मृत पुलिस कर्मी को शोक परेड में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सलामी दी गई। गौरतलब हो कि पुलिस लाइन में तैनात उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार सिंह निवासी सोरों



थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज के रहने वाले थे। 03 दिसंबर 1987 को आरक्षी के पद पर उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे। 08 फरवरी को पुलिस लाइन में अचानक चक्कर आने से गिर गए जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन्स मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बेलास यादव सहित पुलिस परिवार के साथियों द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा मृत पुलिस कर्मी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढ़ांढ़स बंधाते हुए सात्वना दी गई। उन्होने मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद् का आश्वासन दिया। अश्वस्त किया कि दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है।

# आयुक्त ने ब्लाकों का निरीक्षण कर योजनाओं का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल अजीत कुमार द्वारा आज तहसील बबेरू, नगर पंचायत बबेरू, विकासखंड बबेरू, ग्राम पतवन तथा विकासखंड तिंदवारी का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं एवं संचालित शासकीय योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ–सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, जन प्रसाधन एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। तहसील बबेरू निरीक्षण के दौरान उपस्थित उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि पीठासीन अधिकारी नियमित रूप से बैठकर राजस्व वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पारित निर्णयों को आरसीएमएस पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करने एवं राजस्व कर्मियों के कार्यों की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव, वादकारियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया गया। इसके उपरांत नगर पंचायत बबेरू के निरीक्षण में साफ–सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र में नियमित रूप से नालियों एवं सड़कों की सफाई, स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव, एंटीलार्वा फॉगिंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं कूड़ा संग्रहण की प्रभावी निगरानी की जाए। साथ ही ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत निस्तारण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। विकासखंड बबेरू कार्यालय के निरीक्षण में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए तथा परिसर की व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत नोटिस सुनवाई कार्य की समीक्षा करते हुए बताया गया कि आज कुल 36 नोटिसों की सुनवाई की गई है। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अवशेष नोटिसों के निस्तारण हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित करें। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, गौशाला संचालन, मनरेगा तथा स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा कर लाभार्थियों को समय से लाभान्वित कराया जाए। ग्राम पतवन में आयोजित ग्राम चौपाल में आयुक्त द्वारा जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना गया। ग्रामीण वासियों द्वारा सचिव के ऊपर ग्राम में नियमित रूप से न आने तथा ग्रामवासियों की समस्या का निस्तारण न करने का आरोप लगाया गया। इस पर आयुक्त द्वारा गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये संबंधित सचिव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी, बबेरू को निर्देश दिये गये साथ ही निर्देशित किया गया कि पात्र व्यक्तियों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। भूमि विवाद एवं अतिक्रमण से संबंधित प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उपजिलाधिकारी बबेरू को निर्देशित किया गया। ग्रामीणों से संवाद करते हुए शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसहभागिता पर जोर दिया गया। इसके पश्चात विकासखंड तिंदवारी कार्यालय में एसआईआर–2026 के अंतर्गत नोटिस सुनवाई कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि जनता प्रातः 09 बजे से सुनवाई केंद्र में उपस्थित थी, किंतु संबंधित खंड विकास अधिकारी 12:30 बजे केंद्र पर पहुंचे। इस पर आयुक्त द्वारा गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित बीडीओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए तथा सभी अधिकारियों को समयपालन, जनहित एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की सख्त हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों में जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में हो, डिजिटल पोर्टलों पर अभिलेखों का नियमित अद्यतन किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गुणवत्ता बनाए रखते हुए जनहित सर्वोपरि रखा जाए।

# डीएम ने विकास खण्ड पयागपुर का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। कार्यालयों की साफ–सफाई, अभिलेखों के समुचित रख–रखाव तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। परिसर के निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई संतोषजनक पायी गयी। परिसर स्थित आवासीय भवनों के सम्बन्ध में पूछने पर खण्ड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि नये आवास निर्माण हेतु डिमाण्ड की जा चुकी है। श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में बीडीओ, जेई एमआईएस व एडीईओ आईएसबी सरकारी आवासों में रह रहे हैं। कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने मनरेगा, स्थापना, आवास, पंचायती कार्य, समाज कल्याण, जनसुनवाई सहित अन्य पटलों का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित से आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। डीएम ग्रान्ट रजिस्टर प्रथम एवं द्वितीय का भी अवलोकन करते हुए आय–व्यय के सम्बन्ध में बीडीओ से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पटलों से सम्बन्धित अभिलेख व गार्ड फाईल इत्यादि कागजात व्यवस्थित पाये गये। डीएम ने प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत विकास खण्ड कार्यालय पर की जा रही सुनवाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीडीओ द्वारा बताया गया कि बीडीओ चित्तौरा, प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य तथा उनके द्वारा तामीला नोटिसों की सुनवाई की जा रही है। डीएम ने बीडीओ निर्देश दिया कि सुनवाई के लिए आने वाले नागरिकों के बैठने एवं पेयजल इत्यादि की व्यवस्था रखी जाय ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या न आये। डीएम ने निर्देश दिया कि सुनवाई के लिए आने वालों से मतदाताओं से मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी कराया जाय। इस अवसर पर सहायक खण्ड विकास अधिकारी व अवर अभियन्ता मौजूद रहे।



# सात दिवसीय योग कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। पीजी कॉलेज के शिक्षक प्रशिक्षण विभाग द्वारा बीएड प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं के पाठ्यक्रम के अनुरूप सात दिवसीय योग कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हुआ। महाविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रोफ़ेसर (डॉ.) एसडी सिंह परिहार ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। आज के तनावपूर्ण जीवन में योग छात्रों की एकाग्रता बढ़ाता है, तनाव कम करता है और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। विशेषकर भावी शिक्षकों के लिए यह आवश्यक है कि वे स्वयं स्वस्थ रहें ताकि वे विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रारंभिक योगासन सीखे। यह सात दिवसीय प्रशिक्षण बीएड पाठ्यक्रम के स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा खंड को व्यावहारिक रूप से पूर्ण करने में सहायक होगा। विभाग द्वारा ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाते हैं ताकि युवा शिक्षक संतुलित जीवनशैली अपनाएं। यह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातः 05.45 पर प्रारंभ होकर 08.30 पर समाप्त होता है। उक्त प्रशिक्षण पतंजलि योगपीठ के माध्यम से राधेश्याम ओझा प्रशिक्षक द्वारा कुशलता के साथ संपन्न कराया जाता है। योग शिविर का समापन सातवें दिन होगा।

# चौराहों पर कराया जा रहा स्लिप रोड रोटरी निर्माण व रोड सेटी कार्य

## - 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से चौराहों को चौड़ा कर बना रही सुरक्षित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शहर के प्रमुख चौराहों का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इसको लेकर स्लिप रोड रोटरी निर्माण एवं सेटी के कार्य कराए जा रहे हैं। 10 करोड रुपए से अधिक की लागत से योगी सरकार इन चौराहों को चौड़ा कर लोगों के लिए सुरक्षित बनाने का काम कर रही है। वहीं रोड सेटी को ध्यान में रखते हुए चौराहों पर ब्रेकर, डिवाइडर व अन्य सुरक्षा मानकों को लेकर कार्य किया जा रहे हैं। शहर के महोखर बाईपास चौराहा, महाराजा खेत सिंह खंगार चौराहा, अतर्रा रोड बाईपास चौराहा व बांदा–नरैनी बाईपास चौराहे पर तेजी से कार्य लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराया जा रहा है और आने वाले कुछ महीनो में यह चौराहे पूरी तरह से बना दिए जाएंगे। जिसके बाद लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। महोखर बाईपास चौराहा, महाराजा खेत सिंह खंगार चौराहा, अतर्रा रोड बाईपास चौराहा व बांदा–नरैनी बाईपास चौराहे पर तेजी से चल रहा कार्य बांदा बाईपास के महोखर चौराहे पर चौड़ीकरण हेतु स्लिप रोड रोटरी निर्माण एवं रोड सेटी का कार्य 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से जा रहा है। वहीं 83 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा शहर के खेत सिंह खंगार चौराहे पर भी चौड़ीकरण हेतु स्लिप रोड रोटरी निर्माण एवं रोड सेटी का कार्य 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है। यहां पर लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं बांदा नरैनी मार्ग एवं बांदा बाईपास मार्ग के तिराहे के चौड़ीकरण हेतु स्लिप रोड रोटरी निर्माण एवं रोड सेटी का कार्य 1 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है और कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही अतर्रा रोड एवं बाईपास के चौराहे पर चौड़ीकरण हेतु स्लिप रोड रोटरी निर्माण एवं रोड सेटी का कार्य 2 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है और लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। इन सभी कार्यों को मार्च के महीने में पूरा करने का लक्ष्य है जिसको लेकर तेजी से कार्य किया जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बांदा शहर के प्रमुख चौराहों पर चौड़ीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। जहां रोड सेटी को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए यहां पर कार्य करवाई जा रहे हैं। जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों का इन चौराहों से आवागमन व सुरक्षित हो।

# पत्रकार पर जानलेवा हमले का आरोप, हालत गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। नगर कोतवाली क्षेत्र की सिविल लाइन चौकी अंतर्गत एक मान्यता प्राप्त पत्रकार पर कथित रूप से साजिश के तहत हमला किए जाने का मामला सामने आया है, जिसे एक्सीडेंट का रूप देने की बात कही जा रही है। घटना में पत्रकार इकबाल खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात लोगों द्वारा सुनियोजित तरीके से यह वारदात की गई। हमलावरों ने उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के मुताबिक उनके कंधे की हड्डी टूटी है, सिर पर गंभीर चोट आई है, चेहरे पर चोट के निशान हैं तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भी कई चोटें पाई गईं। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल अवस्था में इकबाल खान द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर नगर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच सिविल लाइन चौकी इंचार्ज को सौंप दी है। पीड़ित ने अपनी तहरीर में एक व्यक्ति का नाम साजिशकर्ता के रूप में बताया है, जबकि अन्य हमलावरों की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पूरे प्रकरण की जानकारी पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल को भी दे दी गई है। अब देखना यह है कि जांच निष्पक्ष रूप से आगे बढ़ती है या नहीं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है या नहीं। पत्रकारों का कहना है कि प्रदेश में पत्रकारों पर हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में इस मामले में त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई आवश्यक है ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और दोषियों को संरक्षण मिलने जैसी आशंकाओं पर विराम लग सके।



# तमंच लेकर घूम रहे शातिर को कोतवाली देहात पुलिस ने पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जौगही बस स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रुप से घूम रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त अरबिन्द पुत्र बीरेन्द्र निवासी ग्राम जौरही थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध मु0अ0सं0– 30/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कोतवाली देहात चन्द्र प्रकाश तिवारी उ0नि0 दुर्विजय सिंह कां0 अंकेश कुमार कां0 उपेन्द्र कुमार शामिल रहे।



# अतर्रा पुलिस ने बैटरी चोर पकड़ा, बैटरी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि अतर्रा के रहने वाले साहिद अली पुत्र सादिक द्वारा 08 फरवरी को थाना अतर्रा पर सूचना दी कि कल रात को अज्ञात लोगों द्वारा उसके ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली गई है। जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरतारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में सोमवार को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को ओरन रोड़ जरुहा चौकी मोड़ के पास से गिरतार किया गया। तलाशी के दौरान चोरी की गई ट्रैक्टर की बैटरी भी बरामद हुई। पकड़े गए अभियुक्त संजय पुत्र राजभैया निवासी अतर्रा थाना अतर्रा के विरुद्ध मु0अ0सं0 57/26 धारा 303(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना अतर्रा में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम उ0नि0 मणिशंकर मिश्रा कां0 अर्जुन वर्मा कां0 राजेश कुमार शामिल रहे।



# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन, मैदान का बताया इतिहास

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राइफल क्लब मैदान में स्व0 मोहित सिंह मेमोरियल क्रांतिवीर



10 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 3 का चौथे दिन भगत सिंह इंकलाब एवं सरदार उधम सिंह के बीच काफी रोमांचक खेल हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से जाकर परिचय किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि इस मैदान से प्रदेश और देश ही नहीं वरन विदेश में भी उन्होंने अपना स्थान बनाया है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि उन्हीं लोगों की भांति आप भी अपने जिले का नाम रोशन करेंगे क्योंकि हमारे जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है जरूरत है तो उनके उत्साह वर्धन की और उन्हें खेल जगत की अनेक सुख सुविधाओं की। खेल प्रेमियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की इस बात की प्रशंसा की कि यह मैदान नीलाम होने की कगार पर था आपने जनता और खेल प्रेमियों के सहयोग से बहुत बड़ा आंदोलन इसको बचाने के लिए किया गया है जिसके परिणाम स्वरूप आज हम इस खेल के मैदान पर खेल रहे हैं। इस अवसर पर काफी संख्या में नगर की जनता एवं वरिष्ठ खिलाड़ी मगरवी कमेंट्रेटर के रूप में मोनू शुक्ला, अबरार भाई, मिनी जीतू भाई, अमित दीक्षित, सुनील सक्सेना सहित तमाम खिलाड़ी व कई टीम के ऑनर भी उपस्थित रहे।

# टूटी नालियां जर्जर सड़के हर तरफ गंदगी, बदहाल कहारन टोला की पहचान

न्यूज वाणी ब्यूरो




बहराइच। नानपारा नगर पालिका परिषद के पीछे स्थित वार्ड नंबर 18 उपेक्षा की भेंट चढ़ा। जगह–जगह टूटी व बजबजाती नालियां, टूटी फूटी अस्त–व्यस्त सड़कें एवं हर तरफ फैली गंदगी नगर पालिका परिषद नानपारा वार्ड नंबर 18 की पहचान बन गई है। मिशन जलजीवन के तहत् पाइप लाइन तो बिछा दी गई लेकिन लेकिन सड़के ऊबड़ खाबड़ छोड़कर चले गए। अधिकांश वार्डों की दशा व दिशा ही बदल गई। विकास का आलम यह है कि विकास के नाम पर संबंधित जल जीवन मिशन के विभाग के कार्मिक व ठेकेदार अक्सर जगह–जगह बिना पूर्व सूचना के सड़के खोदकर उबड़–खाबड़ बनाकर वहां से निकल लेते हैं, जिससे अवागमन के लिए बनी सड़के आम जनमानस के लिए कष्टकारी व्यवस्था होकर रह गई है । वार्डों में सड़क के और बनी दोनों तरफ जल निकासी के लिए नालियां अपूर्ण व जाम होने की स्थिति में दुर्गंध व गंदे पानी से बजबजा रहे हैं, हर तरफ कूड़े के ढेर जगह–जगह लगे हुए हैं जिसमें जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की है।

### क्या कहते हैं वार्ड नंबर 18 के मुहल्लेवासी

इस संबंध में नगर पालिका वार्ड नंबर 18 के निवासियों में पत्रकार अब्दुल कादिर खान, एडवोकेट रमेश पाठक, फिरोज, आमिर, शुभम पाठक अलीशेर, अर्जुन, अरशद हुसैन आदि का कहना है कि मेरे वार्ड में कई बार सूचनाओं के बाद भी कोई विकास कार्य नहीं किया जा रहा है। शासन व प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार लगातार बोर्ड बैठकों में वार्ड नंबर 18 के विकास के कार्यों को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई। सभासद ने अपने घर के आसपास दो वर्ष पूर्व बनी इंटरलॉकिंग को उखड़वाकर दोबारा दोबारा फिर बनवा दी। लेकिन न जाने क्यों जिम्मेदारों के कानों में जू नहीं रेंग रहा है।

### सड़क निर्माण की वर्षो से राह देख रहे वार्डवासी

विगत 25 वर्ष पूर्व बनाई गई रोड खत्म हो चुकी है। वार्ड वासियों ने आगे बताया कि वार्ड नंबर 18 कहारन टोला में जल निकासी के लिए बनाई गई नालियां टूटी व जाम हो गई है और नाले भी चोक हो चुके हैं सड़कें बद से बद्तर हो गई है। इससे वार्ड में जल निकासी की समस्या बनी रहती है हालत यह है कि नालों से उठ रहे दुर्गंध ने यहां के आस पास रहने वाले लोगों का जीना दूभर कर दिया , वहीं वार्ड की जर्जर सड़के आए दिन दुर्घटना का सबक बनी हुई है।

वार्ड की साफ सफाई न होने से पूरे वार्ड में हर तरफ गंदगी का अम्बर लगा हुआ है लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने का डर सता रहा है। सरकार द्वारा अनवरत चलाए गए जा रहे हैं स्वच्छता मिशन का इस वार्ड में कहीं भी कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। अभी तक वार्ड में कहीं भी डस्टबिन नहीं लगाई गई है और ना ही सड़क और नाला निर्माण के लिए दिए गए प्रस्ताव पर कार्य कराया जा रहा है। नगर पालिका के जिम्मेदार वार्ड की व्यवस्था सुधारने में कोई भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं जिससे वार्ड वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### अधिशासी अधिकारी नानपारा के बिगड़े बोल

ईओ नगर पालिका परिषद नानपारा से कूड़ा निस्तारण के संबंध में अगर कहा जाता है तो सुनवाई नहीं होती है। जब एसडीएम नानपारा से इस संबंध में शिकायत की जाती है तो अधिशासी अधिकारी कहते हैं कि आप एसडीएम से ही कहें। वार्ड निवासियों ने कहा कि ऐसी प्रक्रिया से उत्तर प्रदेश शासन की विकास की प्रक्रिया का दम भरने वाली सरकार के मनसूबों पर नगर पालिका परिषद नानपारा के जिम्मेदार पानी फेरने पर लगे हैं जिससे शासन व प्रशासन की छवि निरंतर खराब हो रही है।

# कवि सम्मेलन में अभिनंदन ग्रन्थ पुस्तक का हुआ विमोचन

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। बरुईन गांव स्थित नहर पुलिया के पास रविवार को अमृत अभिनंदन समारोह व पुस्तक विमोचन तथा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन सरस्वती पत्रिका के संपादक डॉ. रविनंदन सिंह के संयोजन में किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र सिंह के साहित्यिक जीवन यात्रा पर .त पुस्तक अभिनंदन ग्रन्थ का विमोचन भी किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात लोगों ने वरिष्ट साहित्यकार को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम् व माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। साहित्यकार अपने लेखनी से समाज में व्याप्त बुराईयों पर प्रहार करके उसे व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करता है। ऐसे साहित्यकार का सम्मान होना चाहिए। साहित्यकार का सम्मान अपने लोगों के बीच होता है तो वह पल स्वर्णिम होता है। साहित्यकार विरेन्द्र सारंग ने कहा कि राजेंद्र सिंह बेवाक, निडर व निर्भिकता के साथ साहित्य की साधना किये तथा गांव में साहित्य की अलख जगाने का महती कार्य कर रहे है। ये साहित्य साधना में रत रहकर जाति पाति के विभेद को तोड़कर युवाओं को साहित्यिक पाठ पढ़ाने में नहीं चूकते है। साहित्यकार राजेंद्र सिंह ने कहा कि बढ़ती उम्र में जिम्मेदारियां भी बढ़ रही है, जब तक रहूँगा साहित्य सेवा करता रहूंगा। द्वितीय सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में कवि व साहित्यकार कुमार शैलेन्द्र, कामेश्वर दूबे, डॉ अखिलेश शर्मा शास्त्री, यशवन्त सिंह एस, पुकार गाजीपुरी, मिथलेश गहमरी, ऋचा राय, रिंकी यादव, पारूल सिंह, हरिशंकर पाण्डेय, रामनगीना कुशवाहा ने अपनी रचनाओं से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। इस मौके पर चेयमैन जयप्रकाश गुप्ता, मन्नू सिंह, पूर्व चेयरमैन अनिल गुप्ता, डॉ काशीनाथ सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, संतोष सिंह, डॉ अभिषेक कुमार, बाबू लाल मानव, अनिल यादव, काशी यादव, पंकज तिवारी, छेदी सिंह, सुशीला देवी, अनुप्रिया सिंह, सरोज सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। संचालन अक्षय पांडेय व राजकुमार ने संयुक्त रुप से किया।

# जानलेवा मांझा रील के साथ दो पतंगबाज गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो /लखनऊ। बाजारखाला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बृजेश सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो पतंगबाजो को जानलेवा मांझा रील के साथ गिरतार किया है। यह कार्रवाई चाइनीज मांझे की बिक्री और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। पकड़े गए युवकों के पास से तीन चरखी मांझा बरामद हुआ है। दोनों पतंगबाजो की टीम है। जो गोमतीनगर बधा पीपे वाला पुल पतंगबाजी करते हैं। उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे की बिक्री और भंडारण पर प्रतिबंध है और इसके उल्लंघन पर सात साल की कैद और एक लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। बरेली में भी चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अब तक 13 लोगों को गिरतार किया गया है।

# नगर में भारी वाहनों की नो एंट्री व्यवस्था धड़ाम

न्यूज वाणी ब्यरो

खागा, फतेहपुर। नगर में भारी वाहनों की नो एंट्री व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होती नजर आ रही है। प्रशासन द्वारा निर्धारित समय पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के बावजूद ट्रक, डंपर और अन्य बड़े वाहन धड़ल्ले से नगर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा गई है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। इस लापरवाही का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि नो एंट्री के समय भारी वाहन बेधड़क नगर में प्रवेश कर रहे हैं, जबकि मौके पर तैनात जवान अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल नजर आ रहे हैं। वीडियो में जवानों की उदासीनता और ड्यूटी के प्रति लापरवाही साफ झलक रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नो एंट्री के दौरान तैनात जवान न तो वाहनों को रोकते हैं और न ही किसी प्रकार की सख्ती बरतते हैं। इससे नगर के मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नो एंट्री व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए और लापरवाही बरतने वाले जवानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, नियमित निगरानी और चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो। वायरल वीडियो ने एक बार फिर व्यवस्था की पोल खोल दी है और जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।


## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली त्योहर विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**(1) गाड़ी सं. 08863/08864 गोंदिया जं.-छपरा जं. होली त्योहार विशेष रेलगाड़ी**

| 08863 गोंदिया जं.-छपरा जं. | | | 08864 छपरा जं.-गोंदिया जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:00 | गोंदिया जं. | 11:00 | -- |
| 09:00 | 09:02 | मानिकपुर | 20:30 | 20:32 |
| 10:50 | 10:55 | प्रयागराज छिंवकी | 18:30 | 18:35 |
| 12:00 | 12:02 | चुनार जं. | 16:00 | 16:02 |
| 00:45 | -- | छपरा जं. | -- | 04:45 |

**गोंदिया जं. से-** गाड़ी सं. **08863**, दिनांक- **01.03.2026** तथा **छपरा जं. से-** गाड़ी सं. **08864**, दिनांक- **03.03.2026** **संरचना:** सामान्य श्रेणी-10, स्लीपर श्रेणी-08, वाता. तृतीय श्रेणी-01 एवं वाता. द्वितीय श्रेणी-01

**(2) गाड़ी सं. 08865/08866 गोंदिया जं.-छपरा जं. होली त्योहार विशेष रेलगाड़ी**

| 08865 गोंदिया जं.-छपरा जं. | | | 08866 छपरा जं.-गोंदिया जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:00 | गोंदिया जं. | 11:00 | -- |
| 09:00 | 09:02 | मानिकपुर | 20:30 | 20:32 |
| 10:50 | 10:55 | प्रयागराज छिंवकी | 18:30 | 18:35 |
| 12:00 | 12:02 | चुनार जं. | 16:00 | 16:02 |
| 00:45 | -- | छपरा जं. | -- | 04:45 |

**गोंदिया जं. से-** गाड़ी सं. **08865** दिनांक- **02.03.2026** तथा **छपरा जं. से-** गाड़ी सं. **08866** दिनांक- **04.03.2026** **संरचना:** सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-11, वाता. तृतीय श्रेणी-02 एवं वाता. द्वितीय श्रेणी-01

ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 297/26 FA


# मिशन शक्तिः ऊसराहार क्षेत्र में महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना ऊसराहार क्षेत्र के ग्राम नंगला गंगे में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। चौपाल में महिलाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी समझाए गए, ताकि महिलाएं डिजिटल माध्यमों पर भी सुरक्षित रह सकें। कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा एवं एंबुलेंस 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076,



साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915। इसके अतिरिक्त महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया, जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रमुख रहीं। महिलाओं और बालिकाओं को संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने और अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाएं, पढ़ाई को प्राथमिकता दें तथा प्राप्त जानकारी को परिवार और परिचितों के साथ साझा करें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाना रहा, ताकि वे अपने अधिकारों को पहचान सकें और आवश्यकता पड़ने पर बिना संकोच सहायता प्राप्त कर सकें।

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस की कार्रवाई

## - सुदिति ग्लोबल स्कूल की 50 बसों का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह द्वारा सुदिति ग्लोबल स्कूल की लगभग 50 बसों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बस की तकनीकी स्थिति, ब्रेक, लाइट, टायर तथा अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। साथ ही बसों में लगे फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) और फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता एवं कार्यशीलता को भी परखा गया। सभी बसें निर्धारित मानकों के अनुरूप फिट पाई गईं, जिससे स्कूल प्रबंधन की सुरक्षा के प्रति सजगता भी सामने आई। यातायात पुलिस टीम ने बस चालकों



से संवाद कर उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ओवरलोडिंग से बचने तथा स्कूल बस संचालन के विशेष नियमों की जानकारी दी। चालकों को बताया गया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और जरा सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस अवसर पर यह भी निर्देश दिए गए कि स्कूल बसों में नियमित रूप से सुरक्षा उपकरणों की जांच की जाती रहे और किसी भी कमी को तुरंत दूर किया जाए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे, ताकि बच्चों की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार, एवं यातायात पुलिस मौके पर मौजूद रही इटावा यातायात पुलिस की इस पहल को अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहनीय कदम माना जा रहा है, जो बच्चों की सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन की गंभीरता को दर्शाता है।

# एसआईआर प्रक्रिया में बड़ी लापरवाही, 38 जिंदा मतदाता मृत घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में चल रही एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) प्रक्रिया के दौरान बड़ी प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। ताखा तहसील क्षेत्र के ग्राम रतहरी के 38 जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और प्रभावित मतदाता न्याय की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, वे सभी जीवित हैं और नियमित रूप से गांव में निवास कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें मृत दर्शाकर वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी फैल गई। अपनी लोकतांत्रिक पहचान समाप्त किए जाने से आहत मतदाताओं ने ताखा तहसील परिसर में धरना देकर प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग की। धरने पर बैठे मतदाताओं का कहना है कि यह न केवल बड़ी लापरवाही है बल्कि उनके मताधिकार का हनन भी है। उन्होंने मांग की कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा सभी जीवित मतदाताओं के नाम तत्काल प्रभाव से मतदाता सूची में पुनः जोड़े जाएं। धरना स्थल पर समाजवादी पीडीए प्रभारी उदय भान सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ध्रुव कुमार उर्फ चीनी, जिला पंचायत सदस्य सत्यभान, रामजीवन यादव, नवी आलम, सत्यम यादव, रिंकू यादव, विजय यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। उपस्थित नेताओं और ग्रामीणों ने प्रशासन



पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी त्रुटियां लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती हैं। धरने पर बैठे लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई कर त्रुटि को ठीक नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं प्रशासन की ओर से मामले की जांच कर आवश्यक सुधार का आश्वासन दिए जाने की बात सामने आई है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## – त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनता की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई



में विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी–अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिन पर एसएसपी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने हेतु संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा। पुलिस द्वारा जनसमस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक फरियादी को न्यायसंगत कार्रवाई प्राप्त हो सके।

# बैंकों व वित्तीय संस्थानों का व्यापक निरीक्षण

## –सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की पैनी नजर, सीसीटीवी व अलार्म सिस्टम की हुई जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का किया गया निरीक्षण। जनपद में बैंकिंग सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों, थानाध्यक्षों एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया।



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसरों के अंदर एवं बाहर की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा उपकरणों एवं प्रवेश–निकास व्यवस्था की जांच की गई, ताकि किसी भी आपराधिक घटना की संभावना को समय रहते रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि बैंक परिसर में अनावश्यक भीड़ न होने दी जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाए। इस दौरान बैंक कर्मचारियों एवं उपस्थित आमजन को भी जागरूक किया गया। उन्हें सलाह दी गई कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अज्ञात वस्तु या आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस द्वारा चलाया गया यह निरीक्षण अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# सदर विधायक ने डायग्नोस्टिक व अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया शुभारंभ

## - मरीजों को मिलेगी राहत : समाजसेवी डॉ. विनोद शर्मा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई जब सदर विधायका सरिता भदौरिया द्वारा इटावा में नए डायग्नोस्टिक एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह अत्याधुनिक जांच सुविधा तकिया आजाद गान शर्मा नर्सिंग होम में शुरू की गई है जिससे अब शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर और सुलभ जांच सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर केंद्र के संचालक डॉ. विनोद शर्मा ने बताया कि वे केवल एक चिकित्सक ही नहीं बल्कि समाजसेवा के भाव से भी कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर पेट संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की सही जांच समय पर नहीं हो पाती थी, जिससे उपचार में देरी होती थी। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने शहर के मध्य में ही डायग्नोस्टिक एवं अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया, ताकि आम जनता को भटकना न पड़े और उन्हें एक ही स्थान पर जांच व उपचार की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में आधुनिक मशीनों के माध्यम से सटीक और त्वरित जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे मरीजों को सही समय पर उचित उपचार मिल सकेगा। यह केंद्र खास तौर पर मध्यम एवं सामान्य वर्ग के मरीजों के लिए राहत लेकर आया है। डॉक्टर शर्मा ने यह भी बताया यह जिम्मेदारी अल्ट्रासाउंड स्पेशलिस्ट डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं डॉक्टर निधि शर्मा को सौंप गई है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम भी मौजूद रही, जिनमें डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. मनीष शर्मा, अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र प्रसाद तथा डॉ. निधि शर्मा शामिल रहे। डॉ शर्मा ने यह भी बताया की कई अल्ट्रासाउंड निशुल्क भी किए गए हैं। सभी ने इस पहल को जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।



उद्घाटन समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी अच्छी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. सुधीर गुप्ता, मुकुल तिवारी, संजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा नवीन अवस्थी, विजय चौधरी, राजीव कुमार, अमित शाक्य, रीना, प्रियंका, पिंकी, शिवनाथ, रघुवीर, सोहन एवं अतुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने डॉ. विनोद शर्मा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र इटावा के स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा और आमजन को बड़ी राहत प्रदान करेगा।

# दलालों का अड्डा बना जिला चिकित्सालय

## - बाहर की दवा व जांच के लिए मजबूर हो रहे मरीज

## - नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने दोषियों पर की सख्त कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद का सदर अस्पताल इस समय गंभीर आरोपों और जनआक्रोश के केंद्र में है। सरकार द्वारा मुत




इलाज, दवाइयां और जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के सख्त निर्देशों के बावजूद यहां एक संगठित दलाली तंत्र के सक्रिय होने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों और मरीजों का कहना है कि अस्पताल में तैनात कुछ डॉक्टर और कर्मचारी निजी मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटरों से मिलीभगत कर मरीजों को जानबूझकर बाहर भेजते हैं। इस पूरे खेल में आशा बहुओं और दलालों की अहम भूमिका बताई जा रही है, जिनकी फीस पहले से तय रहती है। गरीब और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों के लिए यह स्थिति बेहद पीड़ादायक है। जहां उन्हें सरकारी अस्पताल से राहत मिलनी चाहिए। वहीं उन्हें महंगी जांच और दवाइयों के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई मरीजों ने बताया कि जब उन्होंने सरकारी जांच की मांग की तो उन्हें टाल दिया गया या बाहर जाने को कहा गया। मरीजों और तीमारदारों ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ डॉक्टरों द्वारा उनसे अपमानजनक और असंवेदनशील भाषा में बात की जाती है। अस्पताल में घंटों लाइन में लगने के बाद भी उन्हें न तो सही जानकारी मिलती है और न ही सम्मानजनक व्यवहार। इस पूरे मामले को लेकर नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संगठन ने जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांग की है कि इस कथित भ्रष्ट तंत्र की निष्पक्ष जांच कर दोषी डॉक्टरों, कर्मचारियों एवं दलालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए तथा दलालों को तत्काल सदर अस्पताल परिसर से बाहर किया जाए। प्रेस क्लब ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रशासनिक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि सरकारी अस्पताल जनता के विश्वास का केंद्र होते हैं, लेकिन यहां चल रही अनियमितताएं उस विश्वास को तोड़ रही हैं।


## न्यूज़ वाणी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर | फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान



## जाफ़री चश्में वाले

थोक व फुटकर चश्में



39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस

करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने

(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)

कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।

नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।

कान की मशीन मात्र 450/- में

कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में

सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620

प्रो. नफीस अहमद जाफ़री

संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# सड़क किनारे मिला ससुराल से आ रहे युवक का शव

## – पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ककोरा ग्राम पंचायत के मजरे खदरी गांव निवासी छेदालाल निषाद 50 वर्ष गांव में रहकर खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार को मोटर साइकिल से चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव तारनडेरा ससुराल गया था। देर शाम को घर वापस लौटते समय बुडंदा गांव के पास बाइक सवार मृत अवस्था में सड़क के किनारे पड़ा था। जिसके सिर से खून निकल रहा था। सोमवार सुबह पांच बजे ग्राम प्रधान पूनम देवी के फोन पर चांदपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक वीरेंद्र पांडेय ने सूचना दी थी। ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव में साले की जमींन है जिसे मृतक बटाई में लिए हैं। खाद डालने के लिए पैसे लेने गया था। मौत की खबर पाकर परिजन बेहाल हो गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। जनपद के अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के तेंउजा गांव निवासी स्व0 रग्घू प्रसाद का 70 वर्षीय पुत्र जगदेव प्रसाद रविवार की शाम मोपेड से किसी काम से जा रहा था। जब वह थरियांव थाना क्षेत्र के उसरैना के समीप पहुंचा तभी चार पहिया ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार हथगाम थाना क्षेत्र के पूरे टीका गांव निवासी मेवालाल का 30 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार बाइक से सामान लेने जा रहा था। तभी आरा मशीन के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। वहीं सुल्तानपुर कस्बा निवासी राजाराम का 18 वर्षीय पुत्र अनिल अपने साथ स्व0 संतोष का 22 वर्षीय पुत्र भोलू उर्फ अभय बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह किशनपुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से दोनो घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# नीलगाय से बाइक टकराई, अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत बुड़न्दा गांव के समीप रविवार की रात ससुराल से घर जा रहे बाइक सवार 55 वर्षीय अधेड़ नीलगाय से टकरा गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के खदरी गांव निवासी स्व0 मोतीलाल का पुत्र छेदा लाल रविवार की सुबह अपनी ससुराल चांदपुर थाने के तारनडेरा पैसा लेने गया था। रात लगभग 9 बजे लौटते समय जब उसकी बाइक बुडन्दा गांव के पास पहुंची तभी अचानक सड़क पार कर रही नीलगाय से जा टकराया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# ई-रिक्शा बाइक की भिड़ंत में पीआरडी जवान की मौत

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छेउका गांव के रहने वाले लगभग 40 वर्षीय पीआरडी के जवान धर्मेश सिंह पुत्र दुर्गा की बजरंगापुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। धर्मेश हथगाम थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी छिवलहा में नाइट ड्यूटी करने आ रहे थे तभी ई–रिक्शा चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वे सड़क पर गिर गए और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धर्मेश सिंह छिवलहा पुलिस चौकी में रात आठ बजे से नाइट ड्यूटी करने घर से निकले थे। बजरंगापुर शास्त्री गैस गोदाम के पास तेज रतार ई–रिक्शा चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर हुसैनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस रिकॉर्ड में धर्मेश सिंह एक कर्मठ और ड्यूटी के पंक्चुअल पीआरडी के रूप में जाने जाते थे। उनकी दर्दनाक मौत की खबर पाते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। पारिवारीजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि उनकी पत्नी आंगनबाड़ी वर्कर के रूप में रायबरेली जिले में कार्यरत हैं।

# महर्षि के छात्र अभिनव ने नाम किया रोशन

## – लेफ्टिनेंट जनरल का हासिल किया प्रशस्ति पत्र व मेडल

न्यूज वाणी ब्यरो



फतेहपुर। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से संबद्ध महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के कक्षा दस के छात्र मास्टर अभिनव सिंह को 60 यूपी एनसीसी बटालियन द्वारा उत्.ष्ट प्रदर्शन के आधार पर 26 जनवरी को नई दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए चयनित किया गया था। वहां भारत के सभी राज्यों के एनसीसी छात्रों के बीच अनेक प्रतियोगिताएं हुई जिसमें अभिनव सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लेफ्टिनेंट जनरल का प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्राप्त किया। अभिनव की इस सफलता पर एनसीसी शिक्षक रोहित दत्त, बिपिन मिश्रा एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बधाई दी।

# श्रीराम कथा महोत्सव में बरस रही प्रभु की महिमा

## - ताबेश्वर परिसर में चल रही कथा में प्रभु की लीलाओं का वर्णन

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। श्रीराम कथा में पूज्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिए बस उन्हें पुकारो और प्रतीक्षा करो मैया शबरी, अहिल्या ने पूरे जीवन भगवान कि प्रतिक्षा की और अंततः भगवान उनके पास स्वयं जाकर उनको दर्शन दिए है। पूज्य महाराज जी ने कहा कि है हम सब की यही स्थिति होनी चाहिए कि भगवान के लिए ललक, प्यास होनी चाहिए इसीलिए भगवान जब भारद्वाज मुनि के पास गए तो उन्होंने यही कहा कि आज उनके सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण हो गए। महाराज जी ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिसका कोई गुरु नही उसका जीवन शुरू नही और गोस्वामी जी ने सम्पूर्ण मानस में समय समय पर गुरु महिमा का बखान किया है।



कथा में प्रवचन करते शांतनु जी महाराज।

चित्रकूट की लीला का बहुत ही सुंदर व मार्मिक वर्णन किया गया एवं दसरथ जी के मार्मिक महाप्रयाण का महाराज जी ने दर्शन कराया। इस मौके पर मुख्य यजमान रुक्मणी गुप्ता, अनूप अग्रवाल के साथ विजय लक्ष्मी, ओम मिश्रा सदस्य जिला पंचायत, अजेता धीरेंद्र तोमर, महिमा मनोज मिश्रा, रेखा महेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह गौतम रहे। पूर्व विधायक विक्रम सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, मनीष यादव उर्फ पतरे, एसपी दीक्षित, पमिल श्रीवास्तव, विभाग संघ चालक .ष्ण स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता डा0 देवाशीष, राकेश पटेरिया आजीवन संरक्षक झांसी, अनिल, जर्नादन त्रिपाठी, केपी सिंह कछवाह, प्रदीप, राम प्रताप सिंह गौतम, आदित्यांश, मनीष यादव, अप्पू तिवारी, नीलम सिंह, रंजना सिंह, इंदुबाला, रमाशंकर गुप्ता, पुनीत राना, रवि सिंह, आलोक त्रिपाठी, सुनिधि तिवारी, सपना अदीप, सत्यानंद, अनिल दुबे एडीजीसी, रूपेश अग्रवाल, धर्मेद्र सिंह जनसेवक आदि मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह धुन्नी सिंह, शिव शंकर विभाग प्रचारक आरएसएस, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, मुखलाल पाल, दिनेश बाजपेई, राम प्रताप सिंह गौतम, अपर्णा सिंह गौतम, हसवा ब्लाक प्रमुख विकास पासवान, विवेक श्रीवास्तव, अरविंद पाल सिंह, करन सिंह पटेल, दीपू सिंह चंदेल, पप्पू मिश्रा, चंद्रभान सोनकर मौजूद रहे।

# जयपुरिया जोष छात्रवृत्ति परीक्षा के विजेता छात्रों को मिला सम्मान




विजेता छात्रों को सम्मानित करते अतिथि व विद्यालय प्रबंध तंत्र।

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। सेठ एमआार जयपुरिया स्कूल मलवां कैंपस में जोश छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा नौ के मेधावी छात्रों के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि तेलियानी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अभिषेक त्रिवेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुराज विष्वकर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जीपी मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि गरीबी हालात हो सकती है, काबिलियत नहीं। हर बच्चा काबिल है, बस उसे अवसर की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष जोश छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जाता है। कर्तव्य सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूटी एवं दो वर्षों तक 100 प्रतिषत शुल्क माफी का पुरस्कार प्राप्त किया। अदिती राज ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर इलेक्ट्रिक साइकिल एवं दो वर्षों तक 90 प्रतिषत शुल्क माफी, कनिष्का सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त कर लैपटॉप एवं दो वर्षों तक 80 प्रतिषत शुल्क माफी, गरिमा सिंह ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर मोबाइल फोन एवं दो वर्षों तक 70 प्रतिषत शुल्क माफी व कार्तिके गौतम ने पंचम स्थान प्राप्त कर मोबाइल फोन एवं 60 प्रतिषत शुल्क माफी का लाभ प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अन्य उत्तीर्ण मेधावी छात्रों को भी विभिन्न पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय की प्रबंधक रंजना सिंह ने कहा कि जोश छात्रवृत्ति के माध्यम से मिलने वाली सहायता बच्चों के सपनों को साकार करने में सहायक होती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने आष्वासन दिया कि संस्था बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीपी मिश्रा, उप प्रधानाचार्य उमेश तिवारी, देवेन्द्र भदौरिया, हेड मास्टर सीजो वर्गीज, हेड मिस्ट्रेस उर्वशी पाण्डेय, मार्केटिंग हेड ज़रीना अंजुम सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने लगाई गुहार शराब नहीं रोटी चाहिए

## – गांव के करीब शराब की दुकान खुलने पर जताया विरोध

## – नशे में धुत होकर परिजनों से करते मारपीट

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। गांव के निकट देशी शराब का ठेका खोले जाने को लेकर महिलाओं ने विरोध जताते हुए कलेक्ट्रेट पहुँचकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए गांव के निकट से ठेका हटाये जाने की मांग किया। सोमवार को तेलियानी विकास खंड के ग्राम पंचायत भैरमपुर की निवासी महिलाओं ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि भैरमपुर व उमर अस्ती गांव के निकट शराब का ठेका खुलने से गांव के आस पास की आबादी के लोग नशे के आदी हो रहे अधिकतर पुरूष मजदूर है जो मजदूरी में मिले पैसे शराब में खर्च कर देते है। परिवार का भरण पोषण न होने की वजह से घरों में मारपीट व कलह की घटनाएं भी बढ़ रही है ठेका खुलने से गांव की युवा पीढ़ी भी नशे की लत का शिकार हो रही है। साथ ही नशे के चलते लोग अनेक बीमारियों से भी पीड़ित हो रहे है। नशे का आदी होने व इलाज के आभाव में परिवार बर्बाद हो रहे है।



उन्होंने गांव के निकट से शराब का ठेका हटाये जाने की गुहार लगाई। इस मौके पर प्रीती, अनीता, लक्ष्मी, अलका, सोनी, मधु, संगीता देवी, सोनम देवी, राजवती, शकुन्तला, गीता, मंजू, रमा देवी आदि रही।

# वसूली बाबू के बेटे ने शाखा प्रबंधक जोनिहा के सीने में सटाई रिवाल्वर

## - बिना पुख्ता दस्तावेजों के नौकरी का खेल उजागर

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। जनपद के सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार और दबंगई का एक ऐसा काला अध्याय सामने आया है, जिसने बैंकिंग और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। विभाग के एक रसूखदार श्वसूली बाबूश के बेटे द्वारा सहकारी बैंक शाखा जोनिहा के प्रबंधक के सीने पर रिवाल्वर तानने की घटना के पीछे की असली वजह अब खुलकर सामने आ गई है। मामला अवैध रूप से बिना पुख्ता दस्तावेजों के नौकरी करने और उसके वेतन रोकने से जुड़ा है। विष्वस्त सूत्रों के अनुसार आरोपी उज्जवल वर्मा बिना किसी पुख्ता विभागीय दस्तावेजों के विभाग में नौकरी कर रहा था। इस गंभीर अनियमितता को शाखा प्रबंधक बृजेन्द्र सिंह ने न केवल पकड़ लिया, बल्कि पारदर्शिता बरतते हुए आरोपी का वेतन भुगतान करने से साफ मना कर दिया। प्रबंधक ने इस वित्तीय गड़बड़ी के संदर्भ में उच्चाधिकारियों को लिखित पत्राचार भी किया। अपने फर्जीवाड़े की कलई खुलते देख और वेतन रुकने से झल्लाए उज्जवल वर्मा ने अपने पिता अनिल वर्मा (वसूली बाबू) की शह पर इस दुस्साहसपूर्ण .त्य को अंजाम दिया। बीती 13 जनवरी को उज्जवल वर्मा तीन अज्ञात साथियों के साथ प्रबंधक के केबिन में घुसा। उसने अपने पिता की लाइसेन्सी रिवाल्वर सीधे प्रबंधक के सीने में सटा दी और कॉलर पकड़कर धमकाया कि तुम अब नौकरी नहीं कर पाओगे, तुम्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा। पिता के रसूख और विभागीय पकड़ के नशे में चूर बेटे ने सरेआम एक राजपत्रित स्तर के अधिकारी की जान लेने की कोशिश की। इस प्रकरण के बीच जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित का एक गोपनीय पत्र चर्चा का विषय बना हुआ है। खबर है कि उन्होंने दस्तावेजों समेत एक शिकायती पत्र सहकारिता मंत्री व आयुक्त व निबंधक सहकारिता लखनऊ को भेजा है। इस पत्र में वसूली बाबू अनिल वर्मा के संदिग्ध क्रियाकलापों और नवगठित सहकारी समितियों के गठन में व्यापक गड़बड़ियों का विस्तार से उल्लेख है। यह पत्र विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की जड़ें खोदने वाला साबित हो रहा है। शाखा प्रबंधक जोनिहा के साथ हुई इस वारदात को लेकर जनपद के बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों में खासा रोष व्याप्त है। बैंकर्स एसोसिएशन ने दोटूक शब्दों में कहा है कि यदि फर्जीवाड़े के दम पर नौकरी करने वाले आरोपी और उसके पिता पर कड़ी कार्यवाही नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करने को विवश होंगे। पीड़ित प्रबंधक ने मुख्यमंत्री पोर्टल और उच्च पुलिस अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय मांगा है। इस संदर्भ में संबंधित थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत मिली है और मामले की गहनता से जाँच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने और आरोपियों की गिरतारी की कार्यवाही की जाएगी।

# साहित्य जगत के एक देदीप्यमान नक्षत्र का अस्त

## - प्रख्यात विद्वान डॉ. ओमप्रकाश अवस्थी का निधन

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। जनपद के बौद्धिक आकाश और साहित्य जगत के लिए सोमवार का दिन एक अपूरणीय क्षति लेकर आया। एमजी डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर, मूर्धन्य साहित्यकार और जिले के इतिहास को जीवंत करने वाले वयोवृद्ध विद्वान डॉ. ओमप्रकाश अवस्थी का सोमवार दोपहर लगभग तीन बजे निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉ. अवस्थी मात्र एक शिक्षक नहीं, बल्कि फतेहपुर की ज्ञान–परंपरा के जीवंत संवाहक थे। उन्होंने कई दशकों तक जिले के साहित्यिक जगत का नेतृत्व किया। उनकी गणना जनपद के उन प्रकांड विद्वानों में होती थी, जिन्होंने अपनी लेखनी से इतिहास को अमर बनाया। विशेषकर जिले के इतिहास को लिपिबद्ध करने और उसे प्रमाणिकता प्रदान करने में उनका योगदान अद्वितीय रहा है। अपने जीवनकाल में उन्होंने अनेक पुस्तकों और स्मारिकाओं का लेखन कर साहित्य को समृद्ध किया। परिजनों के अनुसार डॉ. अवस्थी की अंतिम यात्रा मंगलवार को उनके निवास स्थान से प्रस्थान करेगी। उनका अंतिम संस्कार भिटौरा स्थित पवित्र गंगा घाट पर संपन्न होगा, जहाँ उनके परिजन, शिष्य और प्रशंसक उन्हें अंतिम विदाई देंगे। डॉ. अवस्थी के निधन पर स्थानीय साहित्यकार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुधाकर अवस्थी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ. ओमप्रकाश अवस्थी का निधन न केवल साहित्य जगत बल्कि पूरे जनपद के लिए एक युग का अंत है। वे ज्ञान के अक्षय भंडार और हम सभी के मार्गदर्शक थे। इतिहास लेखन और शैक्षिक जगत में उनके द्वारा छोड़ी गई रिक्तता को कभी भरा नहीं जा सकेगा। ईष्वर उनकी पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

# महाविद्यालय की छात्राओं को दिया सीपीआर प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर प्रशिक्षण जागरूकता अभियान राजकीय महिला महाविद्यालय में चलाया। डॉ अनुराग ने बताया कि सीपीआर को हम कार्डियक पल्मोनरी



रिससिटेशन कहा जाता है और जब किसी व्यक्ति की अचानक से हृदय गति रुक जाती है तो हम उसे सीपीआर देकर बचा सकते हैं। एक वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को तीस बार दबाव व दो बार मुंह से सांस देते रहना है अनवरत जब तक हृदय धड़कना शुरू न कर दें साथ ही डॉ अनुराग ने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीपीआर देने में 15 बार दबाना व 2 बार मुंह से सांस देना है। इस प्रक्रिया से हम किसी व्यक्ति की जान बचा सकते है। इस अवसर पर प्राचार्य राजेश यादव, प्रवक्ता प्रशांत द्विवेदी, प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव, संयोजक होम्योपैथिक केमिस्ट प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# व्यापार मण्डल की फ्रंटल इकाई चिकित्सा मण्डल का विमल कुमार को जिला प्रभारी बनाया

न्यूज वाणी ब्यरो



फतेहपुर। सोमवार को जनपद के समस्त चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े व्यापारियों को जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश संगठन से जोड़ने के लिए एक जोरदार पहल करते हुए मुस्कान डेंटल क्लीनिक के संचालक एवं समाजसेवी डाक्टर विमल कुमार सिंह को संगठन की फ्रंटल ईकाई चिकित्सा मण्डल का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान ने उनको संगठन का मनोनयन प्रमाण पत्र देते हुए जिले के सभी चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही जिलाध्यक्ष सहित 21 पदाधिकारियों की कमेटी को सूचीबद्ध करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित करके प्रदेश/जिला पदाधिकारियों के द्वारा मंच से जिला कमेटी की घोषणा करवायें एवं जिले के समस्त नगरों एवं कस्बों के अध्यक्ष एवं उनकी कमेटियों का निर्माण करते हुए समस्त जनपद में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए व्यापारियों को चिकित्सा मण्डल में जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाएं। जिससे उनको एकजुट करते हुए व्यापार में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके और किसी भी समस्याओं पर सभी एकसाथ होकर अपने हक की लड़ाई लड़ सकें। आज के मनोनयन कार्यक्रम में – प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक रायजादा ष्एडवोकेटष, प्रदेश सचिव डा० अंगद सिंह, जिला उपाध्यक्ष डा० चन्द्रशेखर लोधी, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# निरंकारी स्कूल में 89 नोटिसों का निस्तारण

## – एसआईआर फार्म में सुनवाई पूरी

न्यूज वाणी ब्यरो/फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले निरंकारी स्कूल से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई पूरी हो गई। अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने एसआईआर फार्म में भेजी गई नोटिसों पर सुनवाई करते हुए कुल 89 नोटिसों का सफलतापूर्वक निस्तारण कर दिया। सुनवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक हाकिम सिंह व मोहम्मद हबीब भी मौजूद रहे। विशेष रूप से खसरा संख्या 75 व 76 से जुड़ी नोटिसों की विस्तृत सुनवाई की गई, जिसमें सभी पक्षों को उचित अवसर प्रदान किया गया। अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि नोटिसों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुसार किया गया है। इस कार्रवाई से संबंधित क्षेत्र में लंबित मामलों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने इस तेज़ और प्रभावी निस्तारण की सराहना की है।



# सुजानपुर गांव में लगा एसआईआर कैंप

## – प्रधान ने सहयोग कर समस्याओं का कराया निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यरो



फतेहपुर। ब्लॉक बहुआ के अन्तर्गत सुजानपुर ग्राम पंचायत के निवासियों को एसआईआर के तहत नाम, पते में त्रुटि और तार्किक विसंगतियों के संबंध में मिले नोटिसों ने जहाँ ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी थी, वहीं ग्राम प्रधान के प्रयासों से अब उन्हें बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अभाव में ग्रामीण परेशान थे और उन्हें इन विसंगतियों के सुधार के लिए गाँव से 11 किलोमीटर दूर ललौली जाना पड़ रहा था। ग्रामीणों की इस समस्या और भाग–दौड़ को देखते हुए सुजानपुर की कर्मठ ग्राम प्रधान एवं गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर गाँव के ही प्राइमरी स्कूल में एसआईआर कैंप का आयोजन करवाया। कैंप में वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने शामिल होकर नोटिसों और आपत्तियों पर व्यक्तिगत रूप से सुनवाई की। इस दौरान मतदाताओं के नाम, पते और अन्य तकनीकी त्रुटियों को मौके पर ही सुधारा गया। गांव में ही यह सुविधा मिल जाने से बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से राहत मिली। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान हेमलता पटेल का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना था कि ललौली जाने में उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा था, लेकिन प्रधान की सूझबूझ से समस्या घर बैठे हल हो गई। ग्राम प्रधान हेमलता पटेल ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि पंचायत के किसी भी नागरिक को अपने लोकतांत्रिक अधिकार (वोट) के लिए भटकना न पड़े। हर मतदाता का विवरण सही हो और उन्हें सरकारी प्रक्रियाओं का लाभ आसानी से मिले, इसके लिए मैं और मेरी टीम सदैव तत्पर हैं। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )